




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 296 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 28 जुलाई 2025 डाक 29 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
दक्षिण कोलकाता जिला कांग्रेस समिति के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
थाइलैंड और कंबोडिया के बीच थम जाएगा शिव मंदिर का विवाद, मलेशिया में आज मिलेंगे दोनों देश के नेता




**फीचर पेज**
परफ्यूम लगाते समय न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक



### पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को दे दी क्लिन चिट...

# चिदंबरम के बयान पर मचा सियासी घमासान, कांग्रेस ने भी किया किनारा



**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

लोकसभा में अब से कुछ देर में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। संसद में होने वाली चर्चा से पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम ने एक ऐसा बयान दे दिया, जिसके बाद बड़ा राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया। दरअसल, एक साक्षात्कार के दौरान पी चिदंबरम ने कहा कि पहलगाम हमले में घरेलु आंतकवादी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सबूत बताते हैं कि आतंकवादी पाकिस्तान से आए थे। पी चिदंबरम के इस बयान के बाद बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। बीजेपी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा दुश्मन को बचाने के लिए पीछे हट जाती है। इस बीच चिदंबरम के इस बयान पर बीजेपी हमलावर हो गई है। बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पी चिदंबरम के साक्षात्कार का एक वीडियो शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा कि यूपीए काल के पूर्व गृह मंत्री और कुख्यात भगवा आतंकवाद सिद्धांत के मूल समर्थक पी. चिदंबरम एक बार फिर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। क्या उन्होंने (एनआईए) आतंकवादियों की पहचान की है या वे कहां से आए हैं। जहां तक हम जानते हैं, वे स्थानीय आतंकवादी हो सकते हैं। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है। पोस्ट में मालवीय ने आगे कहा कि एक बार फिर, कांग्रेस पाकिस्तान को क्लीन चिट देने के लिए दौड़ पड़ी है - इस बार पहलगाम आतंकी हमले के बाद। ऐसा क्यों है कि जब भी हमारी सेनाएं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना करती हैं, तो कांग्रेस के नेता भारत के विपक्ष की बजाय इस्लामाबाद के बचाव पक्ष के वकील ज़्यादा लगते हैं। जब राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है, तो कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा कभी नहीं होता- वे हमेशा दुश्मन की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भी बताने को तैयार नहीं हैं कि पिछले कुछ हफ्तों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने क्या किया।

चिदंबरम ने आगे कहा कि क्या उन्होंने आंतकियों की पहचान कर ली है. वे कहां से आएं थे। चिदंबरम ने आगे कहा कि क्या पता वो देश के अंदर तैयार किए गए आतंकवादी हों। आपने क्यों यह मान लिया वो पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है। वे (सरकार) भारत को हुए नुकसान को भी छिपा रही है। चिदंबरम के इस बयान पर सियासी भूचाल आ गया है। वहीं, पी चिदंबरम के बयान से कांग्रेस ने खुद को अलग कर लिया है।

## रिजिजू की विपक्ष को दो टूक: संसद में लक्ष्मण रेखा पार न करने की दी चेतावनी, कहा- पाकिस्तान की भाषा न बोलें



**नई दिल्ली।** आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से लोकसभा में चर्चा के दौरान लक्ष्मण रेखा पार न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोच-विचारकर बोले ताकि पाकिस्तान विपक्षी नेताओं के बयानों को अपने हित में इस्तेमाल न कर पाए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर को लेकर होने वाली चर्चा पर विपक्ष को आगाह करते हुए कहा कि मैं विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस से अनुरोध करता हूं कि वे भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कुछ भी न करें और पाकिस्तान की भाषा न बोलें। हमें सावधान रहना होगा... हमें भारतीय सशस्त्र बलों की गरिमा बनाए रखनी होगी। कांग्रेस और विपक्ष को ऐसा कुछ भी नहीं बोलना चाहिए जिससे राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे। वे भारत के खिलाफ जो कुछ भी बोलते हैं, उसका इस्तेमाल पाकिस्तानियों और भारत के बाहरी दुश्मनों द्वारा किया जाता है।

## चुनाव से पहले बिहार के नेता हो रहे इधर-उधर, भाजपा - जदयू के कई कद्दावर नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**पटना, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की मंशा से पार्टी में नए लोगों को जोड़ा जा रहा है। इसी सिलसिले में रविवार को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में पूर्णिया की मेयर के पति और समाजसेवी जितेंद्र कुमार ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सह संयोजक कुणाल किशोर सहनी और जदयू के प्रदेश महासचिव कुणाल अग्रवाल भी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। जितेंद्र कुमार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और भाजपा नेता कुणाल को प्रदेश प्रभारी अल्लावरु ने सदस्यता दिलाई।

पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद राजेश राम ने कहा कि नए लोगों के कांग्रेस में शामिल होने से पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। कुणाल किशोर सहनी का कांग्रेस में स्वागत करते हुए अल्लावरु ने कहा कि उनके शामिल होने से अति पिछड़ा समाज में कांग्रेस मजबूत होगी। मिलन समारोह में शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, अंशुल अभिजीत, मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौर, मंजीत आनंद साहू, रोशन कुमार सिंह समेत अन्य नेता मौजूद थे।

### सम्राट इंटरनेशनल होटल में लगी आग, 5 लोग घायल

**पटना।** बिहार के पटना में सोमवार देर रात एक होटल में आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है, जहाँ सम्राट इंटरनेशनल होटल में आग लग गई। जिस समय होटल में आग लगी, उस समय होटल में लगभग 25 से 30 लोग मौजूद थे। इनमें से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से बचने के लिए कुछ लोग होटल के कमरे की खिड़की से कूद गए। इस दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया।

## ड्राइवर को नींद आने पर यात्री बस डिवाइडर से टकराई, जशपुर में बड़ा हादसा



**जशपुर।** जिले के पत्थलगांव थाना के एनएच-43 पर सोमवार तड़के सुबह 5 बजे एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया, जब तेज रफ्तार में जा रही एक यात्री बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसा पत्थलगांव के मदनपुर इंजको के पास सुबह 5 बजे हुआ। बस सासाराम (बिहार) से रायगढ़ (छत्तीसगढ़) जा रही थी। अचानक चालक को नींद की झपकी आ जाने से बस ने पहले सड़क किनारे लगे खंभे को टक्कर मारी, फिर करीब 200 मीटर तक डिवाइडर को तोड़ते हुए आगे बढ़ गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि सभी यात्री सुरक्षित हैं और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और दूसरी बस से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक बाधित रहा।

## सिद्धू मूसेवाला केस में फरीदकोट में चलीं ताबड़तोड़ गोलियां

### नामजद जुगनू के ड्राइवर की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**फरीदकोट, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में नामजद आरोपित जुगनू जिसे बाद में पुलिस द्वारा क्लीन चिट दे दी गई थी, के ड्राइवर की गत दोनों जिले के गांव बाह्मण वाला में हुई हत्या मामले में जिला पुलिस द्वारा मुख्य आरोपित को मुठभेड़ के उपरांत गिरफ्तार किया गया है।यह आरोपित विदेश में बैठे गैंगस्टर गौरव लक्की पटियाल के लिए काम करता है। फिलहाल पुलिस द्वारा उसके अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी जारी है। उल्लेखनीय है कि गत 22 जुलाई को सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में नामजद हुए मानसा निवासी जीवनजोत उर्फ जुगनू गांव बाह्मण वाला में एक भोग में शामिल होने के लिए आया था। इसी दौरान जब वहां से वापस जाने लगा तो उसकी गाड़ी पर कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलियां बरसाई गई थी।

उस समय हालांकि जुगनू अपनी गाड़ी में नहीं था परंतु उसके मोहाली निवासी ड्राइवर यादविंदर सिंह की गोलियां लगने के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद, फरीदकोट पुलिस ने इस मामले में तकनीकी इनपुट और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विदेश में रह रहे दविंदर बंबीहा गिरोह के फरार गैंगस्टर गौरव उर्फ लक्की पटियाल के निर्देशों पर इस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपित चिंकी पुत्र मान सिंह, निवासी वार्ड नंबर 01, मुक्तसर रोड, जैतो और इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपितों को शरण देने वाले सूरज कुमार पुत्र प्रकाश चंद, निवासी कलियावाली मंडी, जिला सिरसा (हरियाणा) को गत शाम सिरसा, हरियाणा से गिरफ्तार किया।

### दिल्ली वक्फ बोर्ड मामला: कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान समेत 11 के खिलाफ तय किए आरोप, नौ के खिलाफ साजिश रचने का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीईओ और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान और 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अदालत ने अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम पर साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए हैं। अन्य नौ आरोपियों पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

## पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप



**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, सोमवार तड़के पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप भारतीय मानक समयानुसार सुबह 2.06 बजे (भारतीय मानक समयानुसार) 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। स्थान अक्षांश 33.46 उत्तर और 71.19 पूर्व था। एनसीएस ने बताया कि यह इस्लामाबाद से 173 किलोमीटर पश्चिम में दर्ज किया गया। उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों की सतह तक पहुँचने की दूरी कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप ज़मीन का कंपन अधिक होता है और संरचनाओं को अधिक नुकसान और अधिक हताहत होने की संभावना होती है।

## पहले कर्जमुक्त और अब मुनाफे में आई अनिल अंबानी की कंपनी 200 करोड़ के घाटे से सीधे 60 करोड़ प्रॉफिट, उछले शेयर



**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी और कंपनी के शेयर पिछले कुछ दिनों से नेगेटिव खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन 28 जुलाई को एक पॉजिटिव खबर के चलते रिलायंस इन्फ्रा के स्टॉक 4 फीसदी तक उछल गए। हालांकि, इसके तुरंत बाद शेयरों में मुनाफावसूली हावी हो गई। दरअसल, अनिल अंबानी की यह कंपनी घाटे से मुनाफे में आ गई है। इस वजह से शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयर 336 रुपये के स्तर पर खुले और 354 रुपये का हाई लगा दिया। फिलहाल, 3 फीसदी की गिरावट के साथ 333 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

शुरुआती कारोबार में शेयरों में यह उछाल कंपनी के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद आया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 59.84 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हासिल किया, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी को 233.74 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

## बालासोर में 90 गांवों का संपर्क टूटा, नावें बनीं जीवन रेखा



**ओडिशा, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

कम दबाव वाली प्रणाली और झारखंड के गालूडीह बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण लगातार बारिश के कारण आज सुबह 8 बजे तक स्वर्णरेखा नदी में फिर से उफान आ गया, जिससे उत्तरी बालासोर के निचले इलाकों में बाढ़ का संकट फिर से गहरा गया है। बढ़ते जलस्तर के कारण भोगराई और बलियापाल ब्लॉकों में व्यापक बाढ़ आ गई है, जिससे दर्जनों गाँव पानी में डूब गए हैं और लोगों को जीवित रहने के लिए पारंपरिक नावों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी इस मौसम में पाँचवीं बार सुरक्षित स्तर को पार कर गई है, जबकि जलाका नदी में दूसरी बार उफान आ रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, सप्ताहांत में जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी रही, जिससे बड़े पैमाने पर बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। भोगराई की आठ और बलियापाल की सात ग्राम पंचायतें इस समय गंभीर संकट में हैं। कुंभिरगड़िया, कुल्हा, खलबड़िया और बौंशाखाना जैसे गाँव बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट गए हैं। इन जल-जमाव वाले क्षेत्रों में आवागमन का एकमात्र उपलब्ध साधन देशी नौकाएं हैं, जिन्हें प्रायः निजी तौर पर ऊंची लागत पर या अविश्वसनीय शर्तों पर संचालित किया जाता है।

## सीएम साय ने कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए

**कवर्धा 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की। सावन महीने की तीसरे सोमवार यानि आज इसका आयोजन कवर्धा में किया गया है। सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह रायपुर से हर-हर महादेव का जय घोष करते हुए रवाना हुए। जहां ऊंचाई से कावड़ियों पर फूल बरसाए। इससे पहले सीएम साय ने मीडिया से चर्चा में कहा, 146 करोड़ से भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। वहां पर आने वाले लोगों के लिए नई सुविधाओं का निर्माण होगा। हम मध्यप्रदेश में भी प्रयास कर रहे हैं कि अमरकंटक में वहां की सरकार हमें जमीन देगी तो कावड़ियों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जाएगी। भोरमदेव मंदिर के पास का आने वाले कावड़ियों का अंगूठे अंदाज में स्वागत किया जाएगा। यहां अमरकंटक से लगभग 100 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके भक्त जल चढ़ाने पहुंचते हैं।



**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## नहर में गिरी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप नैना देवी से लौट रहे थे, दो बच्चों समेत तीन की मौत



**खन्ना, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

खन्ना के दोराहा में कल रात एक बड़ा हादसा हो गया। मलौद में जगेड़ा पुल के पास एक पिकअप जीप नहर में गिर गई। हादसे में एक महिला और दो बच्चों समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत की सूचना है। तीन लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि गाड़ी में लगभग 20 श्रद्धालु थे। बाकियों को बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के माता नैना देवी मंदिर से दर्शन के बाद लौट रहे थे। गाड़ी के नहर में गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस ने आस पास के लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस के अनुसार, नहर से ज्यादातर श्रद्धालुओं को बचा लिया गया है। दो बच्चों समेत तीन शव बरामद हुए हैं। तीन लोग पानी में बह गए हैं, बचाव अभियान जारी है।

डीएसपी पायल हेमंत मल्होत्रा ने बताया कि करीब 20 श्रद्धालुओं को ले जा रही एक पिकअप जीप नहर में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने शोर मचाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। डीएसपी ने बताया कि अब तक एक महिला और दो बच्चों के शव निकाले जा चुके हैं, जबकि तीन श्रद्धालु अभी लापता हैं। पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## हापुड़ में कुख्यात अपराधी डब्लू यादव ढेर, बिहार पुलिस ने घोषित किया था 50 हजार का इनाम



**हापुड़।** सिंभावली पुलिस, नोएडा एसटीएफ और बिहार एसटीएफ के रात साझा ऑपरेशन में 50 हजार के इनामी बदमाश डब्लू यादव उर्फ सूरज यादव को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। बदमाश के पास से पुलिस ने एक बाइक, कार्बाइन तथा तमंचा बरामद किया है। बदमाश के खिलाफ करीब दो दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वह पिछले काफी समय से फरार चल रहा था। विभिन्न जनपदों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि रविवार की दिन रात को सिंभावली पुलिस क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इसी दौरान यूपी नोएडा की एसटीएफ और बिहार की एसटीएफ टीम द्वारा थाने पर आकर सूचना दी गई की बिहार के जनपद बेगूसराय के थाना साहेबपुर कमाल के गांव ज्ञानडोल निवासी डब्लू यादव पुत्र सूर्य नारायण यादव उर्फ सूरज यादव क्षेत्र में किसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है।

# बारिश ने घटाया जिले की खदानों से कोयला उत्पादन



**कोरबा ।** कोरबा जिले में रूक-रूककर हो रही बारिश के कारण एसईसीएल का कोयला उत्पादन सबसे अधिक प्रभावित हुआ हैं। लगभग 54 हजार टन तक कोयला उत्पादन घट गया। कोल कंपनी ने महज 1 लाख 94 हजार टन कोयला उत्पादन किया, जो डेली कोल प्रोडक्शन का लक्ष्य 4 लाख 38 हजार टन से 2 लाख 44 हजार टन कम उत्पादन रहा। कोल इंडिया की सुपर माइंस श्रेणी में शुमार एसईसीएल गेवरा, कुसमुंडा व दीपका का उत्पादन भी उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा। इन खदानों का करीब 40 प्रतिशत कोयला उत्पादन घट गया। इससे कोयले का प्रेषण भी कम हुआ। बारिश पश्चात एसईसीएल की खुले मुहानो की खदानों में भारी मशीनों, वाहनों का परिचालन मुश्किल हो रहा है। कोयला उत्पादन पर सबसे ज्यादा असर रात के शिफ्ट की ड्यूटी पर पड़ रहा है। बारिश में भारी भरकम मशीन व वाहनों के ऑपरेटर को ज्यादा सावनधानी बरतनी पड़ती है। बारिश होने पर खनन कार्य भी बंद करना पड़ता है। इसका असर कोयला उत्पादन पर पड़ा है। कोल इंडिया के जारी उत्पादन आंकड़े के मुताबिक शुक्रवार को गेवरा व कुसमुंडा खदान ने 1 लाख टन से कम उत्पादन किया। गेवरा ने 59 हजार टन और कुसमुंडा का 59 हजार टन कोल प्रोडक्शन रहा। वहीं दीपका खदान ने 25 हजार टन कोयला उत्पादन किया। अगले कुछ दिन तक अभी बदली रहने के साथ बारिश की संभावना है, इससे मेगा खदान में बारिश से उत्पादन पर असर को कम करने माइन प्लान तैयार किया है। बारिश के मौसम को देखते हुए एसईसीएल के डेली कोल प्रोडक्शन का लक्ष्य पहले ही घटा दिया गया है और इसे 5 लाख टन से कम कर 4 लाख 38 हजार टन किया गया है। हालांकि प्रबंधन को उम्मीद है कि बारिश से कोयला उत्पादन में नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई मानसून बीतने के बाद कर लेंगे। बीते तीन दिन से रूक-रूककर बारिश होने पर कोल स्टॉक में रखे कोयले को प्रेषण कर भरपाई की जा रही है। एसईसीएल ने जुलाई के पहले पखवाड़े में ही एक दिन में 4 लाख टन तक कोयले का उत्पादन किया है। इसके बाद बीच में बारिश होने पर भी ढाई लाख टन के करीब उत्पादन करने में सफल रही है। मगर शुक्रवार को एक दिन में 2 लाख टन से कम का उत्पादन एसईसीएल की चिंता बढ़ाई है। बारिश की वजह से खदानों में उत्पादन के साथ प्रेषण भी प्रभावित हुआ है। बारिश के चलते सड़कें खराब होने से रोड सेल से प्रेषण पर प्रभाव पड़ता है। शुक्रवार को कुसमुंडा माइंस में पूर्व के ओवरबर्डन पुल से एंट्री करने वाली भारी वाहनों

## जिला कांग्रेस में ब्लॉक प्रभारी व सह प्रभारी की की गयी नियुक्तियां

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोरबा जिला प्रभारी डॉ. प्रेमसाय टेकाम के नेतृत्व में जिला कोरबा ग्रामीण में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाना है, जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी से ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसके अंतर्गत पाली ब्लॉक में गोविंद सिंह नेताम, पोड़ी-उपरोड़ा में अमरनाथ कैवर्त्य, पसान में अमर सिंह कंवर, कटघोरा (शहर) में श्याम लाल कंवर (पूर्व विधायक), कटघोरा (ग्रामीण) में अशोक मिश्रा, हरदीबाजार में धरम निर्मले, बांकीमोंगरा में सपना चौहान, करतला में लाल अशोक कुमार सिंह, कोरबा (ग्रामीण) में रामनारायण कश्यप, बरपाली में तनवीर अहमद बनाये गये हैं।

## जिले की महिलाओं ने भेजी अग्निवीरों के लिए राखी

**कोरबा।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक अनोखी पहल की गई है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्व सहायता समूहों की महिलाओं और महतारी वंदन योजना की लाभार्थी माताओं ने देश की सीमाओं की रक्षा में डटे 5 हजार से अधिक अग्निवीरों के लिए राखियां तैयार की हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में यह राखी अभियान अपार स्नेह, सम्मान व राष्ट्रभक्ति के साथ चलाया गया। महिलाओं द्वारा स्वयं राखी निर्माण कर सुलेख संदेश एवं शुभकामनाओं लिख कर पैक किया गया। पत्रों के माध्यम से सम्मानपूर्वक हर राखी उन वीर जवानों के प्रति सम्मान व प्यार के साथ तैयार की गई जो देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। महिलाओं द्वारा सभी राखियां जनप्रतिनिधि को सौंपकर अपनी भावनाएँ प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति का राष्ट्र के प्रति समर्पण है। यह नारी शक्ति की एकता व सम्मान का प्रतीक है। इस रक्षाबंधन पर उन सभी अग्निवीरों को नमन है जो साहस व बलिदान के साथ देश सेवा में तत्पर हैं।महतारी वंदन की हितग्राही द्वारा अपने संदेशों में लिखा गया कि यह राखी सिर्फ धागा नहीं, हमारा आशीर्वाद है। महिला बाल विकास विभाग कोरबा की यह अभिनव राखी अभियान रूपी पहल निश्चित तौर पर वीर जवानों में एक ऊर्जा का संचार करेगी व उन्हें राष्ट्रहित में कर्तव्य पथ पर सदैव डटे रहने के लिए प्रोत्साहित करेगी। विभाग के इस पहल ने पूरे जिले में एक सकारात्मक ऊर्जा व गर्व का माहौल निर्मित किया है। यह राखियां 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन देश की सीमाओं पर तैनात अग्निवीरों की कलाइयों पर सजेंगी और उन्हें देश के प्रति उनके समर्पण और बलिदान के लिए सम्मानित करेंगी।



## सर्वेश्वरी आश्रम में सुनी गई मोदी के मन की बात

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात' का आज सामूहिक श्रवण सेक्टर-4 स्थित सर्वेश्वरी आश्रम में किया गया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के निर्देशानुसार संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने मनोयोग से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इसके उपरांत आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर संजु देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जे.एन. दुबे, पार्षद सत्येंद्र दुबे, शिवबालक सिंह तोमर, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शशि चंद्रा, पार्षद तरुण राठौर, मंगल बंदे, रजत खूंटे, प्रभात डडसेना, हेमलता निर्मलकर, अर्चना रुनिझा, घनश्याम पटेल, धीरज झा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।वक्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम को राष्ट्र निर्माण की दिशा में जन सहभागिता का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि जनमानस को सकारात्मक दिशा देने वाले हैं। सभी ने मिलकर इस संवाद को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## प्रशांति वृद्धाश्रम में हुआ कवि सम्मेलन

**कोरबा।** बुजुर्गों की सेवा के 20 साल के उपलक्ष्य में प्रशांति वृद्धाश्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर खुशियां बिखेरी। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति, कोरबा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के संरक्षक मोहम्मद युनुस दनियालपुरी ने कहा कि बीमारी, लाचारी और परिवार के अंदर सम्मान की कमी से बूढ़ा व्यक्ति टूट जाता है। युनुस ने कहा कि प्रशांति वृद्धाश्रम में रहने वाले तमाम बुजुर्ग एक सम्मानित तरीके से जीवन जी रहे हैं।पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के सचिव एवं प्रसिद्ध कवि डा. कृष्ण कुमार चन्द्रा ने बेहद रोचक तरीके से कवि सम्मेलन का संचालन शुरू किया। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम का संचालन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रही है। डा. कृष्ण कुमार चन्द्रा ने छत्तीसगढ़ी रचना सुनाते हुए कहा, भुइंया के भगवान बरोबर दाई- ददा ला जानव, दाई- ददा हर आशीष देथे कचरा नो है जी। उन्होंने हास्य व्यंग्य भरी बातों से बुजुर्गों और उपस्थित लोगों का खासा मनोरंजन किया।बलराम राठौर की हास्य रचना ने लोगों को गुदगुदाया। अनुसुईया श्रीवास ने कहा, मुस्कुरा कर जीने में मचा आएगा, गम का गहरा समंदर भी सूख जाएगा। अनुसुईया श्रीवास ने छत्तीसगढ़ी रचना की भी प्रस्तुति दी। वीणा मिस्त्री ने आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को अपनी रचना समर्पित करते हुए कहा, क्या करना है सोचकर क्या खोया क्या पाया है, मेरे ही अपने थे सब जिस पर सब लुटाया। पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने कहा, कागज की नाव बनाकर पानी में छोड़ देते हैं, फिर पत्थर मारकर पानी में डूबो देते हैं। किरण सोनी ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, वैसे कोई नहीं है किसी का यहां, बस ये दिल है तो दुनिया का अहसास है।मोहम्मद युनुस दनियालपुरी ने अपनी गजल से बुजुर्गों का दिल जीत लिया। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा कवियों का स्वागत किया गया।

### कंरेट की चपेट में आया डाक्टर

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र दादर नाले के पास रहने वाले 45 वर्षीय डॉक्टर कलीम रिजवी की घर की छत पर सफाई करते समय 11 केवी बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनकी पत्नी फिरदौस रिजवी गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डॉ. कलीम रिजवी सुबह अपने मकान की छत पर सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक रॉड उठाई जो पास से गुजर रहे 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन से छू गई। तेज करंट लगने के कारण डॉक्टर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पास में खड़ी उनकी पत्नी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गईं। फिरदौस रिजवी की हालत नाजुक बताई जा रही है और डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जिला अस्पताल पहुंच गई। डॉक्टर कलीम के आकस्मिक निधन से सभी लोग स्तब्ध हैं।डॉ. कलीम रिजवी अपने घर पर ही क्लीनिक चलाते थे और क्षेत्र के लोकप्रिय चिकित्सकों में गिने जाते थे। उनके निधन से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बांकीमोंगरा प्रभारी सपना ने ली कांग्रेसजनों की बैठक



**कोरबा ।** कांग्रेस बांकीमोंगरा प्रभारी श्रीमती सपना चौहान ने बांकीमोंगरा ब्लॉक के कांग्रेसजनों के साथ बैठक लिया । बैठक में बांकीमोंगरा क्षेत्र के सभी 30 वार्डों को 3 मण्डल कांग्रेस कमेटी में विभाजन करने तथा मण्डल कमेटी, जोन कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी के पुन: गठन के विशेष को लेकर विचार विमर्श किया तथा उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों से सुझाव लिया गया । कांग्रेस पदाधिकारियों ने बांकीमोंगरा के 30 वार्डों को तीन मण्डल कमेटी में विभाजन करने के लिए सुझाव दिया जिसमें वार्ड क्र.01 से 10 तक, वार्ड क्र.11 से 20 तक, वार्ड क्र.21 से 30 तक को कुल तीन मण्डल कमेटी बनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया । इन तीनां मण्डल के लिए भी चर्चा एवं सुझाव लिए गए। जिसे जिला कांग्रेस कमेटी के पास अनुमोदन के लिए प्रेषित कर दिया गया है ।
बैठक के विषय पर ब्लॉक प्रभारी श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का नये सिरे से गठन होगा । इसके अलावा 1200 से अधिक मण्डल अध्यक्षों के साथ कमेटी बनाने के निर्णय को लेकर मैंने आज अपने प्रभार क्षेत्र बांकीमांगरा में बैठक लेकर तीन मण्डल कमेटी बनाना तय किया है ।
बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, मनोज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सुनील कुमार पाण्डेय, मोहन लदेर, अशोक मिश्रा, मधुसुदन दास, राकेश अग्रवाल, संतोषी चौहान, यशपाल सिंह कंवर, फिरोज अनंत, गोपाल यादव, दुर्गादास, देवप्रसाद साहू, श्यामु महंत, मालती बंजारे, मधु बंजारे, महेन्द्र प्रसाद, पूजा महंत, भुनेश्वरी दास, छत्त बाई चौहान, संतोषी यादव, केशव कुमार, सुशील नेताम, अरविंद सिंह, शिशिर सिन्हा, बजरंग महंत, धनंजय दिवान आदि उपस्थित थे।



## संतोष को मिली जिम्मेदारी

कोरबा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के निर्देशानुसार उमरेली मंडल का गठन किया गया है,जिसमें सुखरीकला,सुखरीखुर्द,अमलडीहा,नवापारा,उमरेली,कर्रापाली, टोन्डा,ढिटोरी, छुईहा, कालाभांठा, पहाड़गांव, लीमगांव, बुढ़ियापाली, मुकुन्दपुर, कुरुडीह, सोहागपुर, खरवानी,सराईपाली ग्राम के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व सदस्यगण की उपस्थिति में 27/07/2025 को सभी के सहमति से संतोष सूर्या को उमरेली मण्डल का अध्यक्ष सहित 21 पदाधिकारियो का चयन किया गया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मोदी के साथ वार्ड 12 नई बस्ती में मन की बात का हुआ सामूहिक श्रवण

**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बातके 124वें संस्करण का सामूहिक श्रवण वार्ड क्रमांक 12 नई बस्ती के बूथ क्रमांक 221 में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, नवाचार, अंतरिक्ष विज्ञान, मत्स्य पालन और जनभागीदारी से जुड़े प्रेरणादायी विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पार्षद श्रीमती सुलोचना यादव, पार्षद युगल कैवर्त, मंडल उपाध्यक्ष सूरज पांडे, महामंत्री राम शंकर साहू, नवनीत राहुल शुक्ला, मंत्री विजय गुप्ता, पूर्व पार्षद नवीन अरोरा, भोलू यादव, उदय श्रीवास्तव, गिरीश नामदेव, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित रहे।



## अखबार वितरक संघ ने डॉक्टर कलाम के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा टीपी नगर में तात्कालिक मिसाइल वैज्ञानिक राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की दसवीं पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सिन्हा ने डॉक्टर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे अखबार वितरक के अभिभावक डॉक्टर कलाम बचपन में अखबार वितरण किया करते थे उनके घर के सामने बरगद पेड़ चबूतरा पर शाम को बैठक कर गांव वालों को पेपर वितरण का उद्देश्य बताया करते थे द्य छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ऐसे महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उपस्थित जनों में संरक्षक- पदम सिंह चंदेल ,सचिव जयसिंह नेताम, रामायण सिंह, कृष्णा निर्मलकर, दिलीप यादव, राय सिंह ,तपेश्वर राठौर , अनिल गिरी, मुरीत राम कश्यप सहित अनेक वितरक उपस्थित रहे ।



## संजू बनी छत्तीसगढ़ की पहली महिला कबड्डी की अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**कोरबा ।** कोरबा जिले के एक छोटे से ग्राम केराकछार तिवरता की रहने वाली संजू यादव आज कबड्डी की अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। संजू यादव छत्तीसगढ़ की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्हें कबड्डी की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनने का मौका मिला। संजू यादव कहती हैं कि यदि आप किसी काम को ध्यान देकर करते हैं तो आपको उसमें सफलता मिलती ही है। समय का मैनेजमेंट भी आपको फोकस रहने से ही आता है। मैंने समय का सही संतुलन करना अपने घर से ही सीखा और आज उसी के कारण अपने खेल में अच्छा कर रही हूं। संजू के पिता रामजी यादव और मां अमरिका यादव पेशे से किसान हैं। छह-सात वर्ष पहले संजू ने विद्यार्थी जीवन में कबड्डी खेलना शुरू किया था। एक बार गांव तिवरता में कबड्डी की स्पर्धा हो रही थी। इसमें शामिल होने के लिए संजू भी पहुंची थी। संजू के दांव-पेच को देखकर कबड्डी के जिला पदाधिकारी की नजर उस पर पड़ी।

# शंभू शक्ति सेना की बैठक संपन्न

### विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस के सफल आयोजन हेतु बनी कमेटियां

**कोरबा ।** विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ के सभागार में 27 जुलाई को शंभू शक्ति सेना कोरबा जिले की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिले के पांचों ब्लॉकों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पांचों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों सहित नई कमेटी गठित करने की अनुशंसा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले भव्य 5 दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रहा। इस आयोजन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, पारंपरिक खेलकूद, रंगोली प्रतियोगिता, ट्राइबल फैशन शो, ट्राइबल आर्ट प्रदर्शनी, मेडिकल कैंप, कबड्डी प्रतियोगिता, तीरंदाजी प्रतियोगिता सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे।
समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित होगा। इसमें अतिथियों के स्वागत, पारितोषिक वितरण, समाज प्रमुखों का अभिनंदन, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा, आवास एवं आवागमन की संपूर्ण जिम्मेदारियां अलग-अलग कमेटियों को सौंपी जाएंगी। इस अवसर पर बिलासपुर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पूजा बघेल एवं श्री धनुवार को शंभू शक्ति सेना की सदस्यता प्रदान की गई। सदस्यता का वितरण आदिवासी शक्तिपीठ के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान ने किया। अपने उद्बोधन में मोहन सिंह प्रधान ने शंभू शक्ति सेना के सैनिकों को समाज की रूढ़ि, परंपरा, नशामुक्ति, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। शक्तिपीठ के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राज ने भी संगठन के कार्यों को और सशक्त करने के लिए युवाओं को आगे आने का संदेश दिया। वहीं संगठन प्रमुख श्री रमेश सिरका ने सभी से आगामी कार्यक्रमों में मजबूत भागीदारी का आवाहन किया।उक्त कार्यक्रम में शंभू शक्ति सेना महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री सुनीता सिरका, सोशल मीडिया प्रभारी लव कुमार मांझी एवं जिला अध्यक्ष सरजू कुमार सरोटीया भी उपस्थित रहे।

## त्रिपक्षिय बैठक में अधिकारियों पर भड़के विधायक प्रेमचंद पटेल

### एसईसीएल अधिकारियों को कहा दो टूक-अब नहीं चलेगी मनमानी

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम में ग्राम नराइबोध के भू-विस्थापितों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही बसाहट और मकान के लिए आबंटित जमीन में हुई मुआवजा कटौती की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन एसईसीएल गेवरा सीजीएम कार्यालय में किया गया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित इस वार्ता में एसडीएम, तहसीलदार, एसईसीएल के अधिकारीगण एवं ग्राम नराईबोध के भू-विस्थापित शामिल हुए।

वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि बसाहट के दौरान न सिर्फ मकान के लिए आबंटित जमीन में कटौती की गई है, बल्कि मूलभूत सुविधाओं की भी घोर अनदेखी की गई है। विधायक प्रेमचंद पटेल ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसाहट योजना की पुन- समीक्षा की जाए और जिन लोगों को मकान की जमीन में कटौती या अन्य प्रकार की समस्या हुई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राहत दी जाए। एसडीएम व तहसीलदार ने प्रशासन की ओर से उचित जांच और समाधान का आश्वासन दिया जबकि एसईसीएल के प्रतिनिधियों की ओर से प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने की बात कही। श्री पटेल ने अधिकारियों को चेताया भी कि भू-विस्थापित राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी जमीन देते हैं, लेकिन एसईसीएल के अधिकारी उनकी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं देते, ऐसा अब नहीं चलेगा। उन्होंने एसईसीएल के अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि बसाहट में मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखें।

## गेवरा परियोजना पहुंचे निदेशक तकनीकी

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक ने एसईसीएल की गेवरा परियोजना का दौरा किया। उनके साथ एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी) संचालन एवं परियोजना एवं परियोजना एन. फ्रैंकलिन जयकुमार और सीआईएल के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट योजना एवं परियोजना निगरानी) राजशेखर किन्नरा भी थे। दौरे के दौरान श्री घटक ने रलिया और नरईबोध में भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों, नरईबोध में डायवर्जन रोड विकास और पैच-वार ओबी हटाने और कोयला निष्कर्षण के माध्यम से 63 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने की रणनीतियों सहित प्रमुख परिचालन और नियोजन पहलुओं की समीक्षा की। इस दौरान आरएलओएस संचालन, लक्ष्मण सर्किट, उपकरणों की दक्षता और उपयोग, और वर्तमान मानसून के मद्देनजर पंपिंग योजना पर भी चर्चा हुई।

## कोयला चोरी का सिलसिला जारी

कोरबा। कोरबा के कुसमुंडा परियोजना में एक बड़ा कोयला चोरी का मामला सामने आया है। ट्रक नंबर सीजी 10 बीएम 9236 के चालक ने 6 टन कोयला चोरी किया और पकड़े जाने पर मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ FIR दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक ने कोयला चोरी की कोशिश की थी, लेकिन पकड़े जाने पर उसने कोयला गिरा दिया और मौके से भाग गया। कुसमुंडा परियोजना के अधिकारी एस एल धैर्य ने बताया कि ट्रक का रिविजन किया गया था।

## दुर्गा मातृशक्ति समिति ने सावन महोत्सव का किया भव्य आयोजन



**कोरबा ।** दुर्गा माता शक्ति महिला के जिला अध्यक्ष ने बताया कि विगत 5 वर्षों से समिति के द्वारा सावन महोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में परशुराम भवन सावन महोत्सव का समिति के द्वारा आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें छोटे बच्चे और महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। इस कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया, डीजे के धुन में समिति के सभी महिलाओं के साथ महापौर भी थिरकते नजर आई। सावन के झूलों पर झूलते हुए महिलाएं ने पारंपरिक उत्साह का भरपूर आनंद उठाया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के हाथों सावन क्वीन का चुनाव कर कार्यक्रम को और खास बनाया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि यहां की सभी मातृशक्ति महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर आगे आए ऐसी उन्होंने आशीर्वाद दिया उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारे लोक सांस्कृतिक नारी शक्ति और सामाजिक समर्थ को सहजनी और संवारने का कार्य करती है। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी अतिथियों को दुर्गा मातृशक्ति समिति के सभी महिलाओं के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## राजकुमार ने कहा- गांव की मजबूती किसानों पर निर्भर

**जांजगीर-चांपा।** 15 वे वित्त के तहत नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अमोरा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने किसानों को स्पेयर पम्प का वितरण किया। सभापति श्री साहू द्वारा किसान रविशंकर साहू, बिहारी तिवारी, मनोज साहू, संतोष कुमार पटेल, लक्ष्मण प्रसाद कश्यप, हरीश कुमार कश्यप, रविन्द्र कश्यप, भरत कश्यप, अंतराम कर्ष, राजकुमार कश्यप, हेमन्त कुमार यादव, अरुण तिवारी, तिहारु केंवट, कार्तिक कश्यप, नारायण पटेल, शिव कश्यप, दिनेश साहू, खम्हन पटेल, इंद्रकुमार पटेल, प्रहलाद चौहान को नि:शुल्क स्पेयर पम्प का वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सभापति साहू ने कहा कि जब से प्रदेश व देश में भाजपा की सरकार बनी है तब से किसानों को सैकड़ो योजनाओं, का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसान मजबूत होंगे तब गांव जिला व प्रदेश मजबूत होगा और जब प्रदेश मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच अमोरा राकेश कश्यप, खम्हन तिवारी सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अफेयर में बाधा होने पर विवाहित गर्लफ्रेंड के पति की हत्या कर दी ब्वायफ्रेंड ने

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में बॉयफ्रेंड ने अपनी गर्लफ्रेंड के पति को गैंती से वार कर मार डाला। मर्डर के वक्त मृतक की पत्नी भी मौजूद थी। चेहरे और सीने पर गंभीर चोट के निशान हैं। हत्या के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम अमरनाथ केवट (37) है। वह कोटमीसोनार गांव का रहने वाला है। वहीं अमरनाथ केवट की पत्नी का बॉयफ्रेंड युवराज केवट रिश्तेदार है। वह मुंगेली जिले के महुआकापा गांव का रहने वाला है। वह पेशे से राज मिस्त्री है। दरअसल, शनिवार को अमरनाथ केवट और उसकी पत्नी ईश्वरी केवट (32) घर पर ही थे। दोपहर 2 बजे ईश्वरी केवट का प्रेमी युवराज केवट स्कूटी से उसके घर पहुंचा। इस दौरान युवराज केवट ने अमरनाथ केवट पर घर में रखे गैंती (मिट्टी खुदाई करने का औजार) से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।चेहरे और सीने पर हमले के बाद अमरनाथ केवट जोर से चिल्लाया। शरीर पर गैंती धसने के निशान हैं। चीखें सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची। अमरनाथ केवट खून से सना हुआ था। फर्श पर और





दीवारों पर खून के छीटें थे। यह देखकर अमरनाथ की मां घबरा गई। मौका देखते ही युवराज केवट भाग निकला। मृतक के चेहरे और सीने पर गैंती से मारने के निशान हैं। खून ज्यादा बहने और जख्म गहरे होने से मौत हो गई। इसके बाद अमरनाथ की मां ने आस पड़ोस के लोगों को सूचना दी। पड़ोसियों की मदद से अमरनाथ को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि ईश्वरी केवट और उसके प्रेमी युवराज केवट के बीच पिछले एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले ईश्वरी अपने प्रेमी के घर रहने भी चली गई थी, लेकिन 22 जुलाई को वह कोटमीसोनार गांव वापस लौट आई थी। पांच दिन वह पति के साथ रही। वारदात की सूचना मिलते ही अकलतरा पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन शुरू की। मृतक के घर से हत्या में इस्तेमाल गैंती बरामद की गई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अकलतरा सीएसपी कविता ठाकुर ने बताया कि वारदात के बाद प्रेमी युवराज बिलासपुर भाग गया था, जिसे रविवार को पुलिस ने पकड़ लिया है। वहीं मृतक की पत्नी ईश्वरी को भी हिरासत में लिया गया है। शुरुआती जांच में प्रेम-प्रसंग का मामला लग रहा है। हत्या की वजह सामने नहीं आई है। पूछताछ की जा रही है।

## किरारी में कबड्डी प्रतियोगिता एवं नाग पंचमी मेला कल

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत किरारी में नाग पंचमी के अवसर पर नि:शुल्क कबड्डी प्रतियोगिता, नागपंचमी मेला व नाग देव पूजन का आयोजन 29 जुलाई मंगलवार को होगा। नाग पंचमी के दिन सुबह से ही गुरुवाई दी मंदिर में नाम देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालु दर्शन के लिए अन्य राज्य जिला एवं दूर-दूर से ग्रामीण जन आते हैं गुरुवाईन दाई के दर्शन कर आपक मन्नत मांगते हैं और नागदेव में दूध लाई नारियल अगरबत्ती चढ़ाते हैं |गुरुवाईन दाई के प्रति लोगों का श्रद्धा है। यहां प्रतिवर्ष लगने वाला नाग पंचमी मेला के साथ-साथ नि:शुल्क कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन होता है जिसे देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहता है। इस दौरान गुरुवाईन दाई मंदिर परिसर में ग्राम पंचायत किरारी द्वारा खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। नि:शुल्क कबड्डी प्रतियोगिता प्रात: 9 बजे प्रारंभ हो जाएगा। मुख्य अतिथि सौरभसिंह, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छ.ग. शासन, राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक अकलतरा क्षेत्र, अध्यक्षता श्रीमती शकुनदेवी अघरिया जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा, विशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा, दिनेश सिंह, जयप्रकाशधर दीवान, घनश्याम प्रसाद लाटा, भागवत सिदार, रजत दीवान, महेश्वर कश्यप, श्रीमती त्रिवेणी गणेश चौहान अशोक कुमार कश्यप, श्रीमती पूर्णिमा धनेश कुमार गोंड़, सिजय जगत उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5 हजार एवं शील्ड तथा सांत्वना पुरस्कार 3 हजार एवं शील्ड रखा गया है।

## दिनदहाड़े घर घुसकर युवक की हत्या, स्कूटी से हत्यारा हुआ फरार

**अकलतरा।** अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार में रविवार की दोपहर एक युवक की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। हत्यारा स्कूटी से पहुंचा और गैती से वारकर युवक की हत्या करने के बाद फरार हो गया। पुलिस द्वारा संदिग्ध आरोपी को मुंगेली बिलासपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि कोटमी सोनार के ठाकुर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6 में रविवार 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे अमरनाथ केंवट की मां गांव की गली में चिल्लाते हुए निकली कि मेरे बेटे को बचा लो, इसे कोई अस्पताल ले जाओ। जब लोगों ने घर में जाकर देखा तो 40 वर्षीय अमरनाथ केंवट लहूलुहान पड़ा था। ग्रामीणों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया और मामले की सूचना अकलतरा पुलिस को दी। अस्पताल में डाक्टर ने. अमरनाथ केंवट को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या का आरोपी स्कूटी से आया था और सीधे घर में घुसकर अमरनाथ पर गैती से कई प्रहार किए जिससे वह गिर पड़ा तब हत्यारा अपनी स्कूटी से भाग निकला। खेती किसानी का दिन होने के कारण लोग अपने खेतों में थे और गांव की गली सुनसान थी और किसी को ने हत्यारे को घर में घुसते और निकलते नही देखा है। हत्याकांड के समय मृतक की पत्नी घर पर ही थी। ग्राम वासियो में %चर्चा है कि पति और पत्नी के बीच अक्सर अवैध संबंध को लेकर विवाद होते रहता था। हत्या की सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रदीप सोरी एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा साइबर टीम एवं फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एवं घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ करने के बाद क्लू मिलने पर पुलिस दल को बिलासपुर की ओर रवाना किया गया। पुलिस की तत्परता से अमरनाथ केवट के हत्या के संदिग्ध आरोपी को बिलासपुर से पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा हत्या के संदिग्ध आरोपी एवं मृतक की पत्नी को से पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम 28 जुलाई को होगा।

## नगर पंचायत राहौद में पीएम की मन की बात सुनी

**राहौद।** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत राहौद में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 124वां मन की बात कार्यक्रम सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन मन की बात प्रमुख सुनील गुप्ता के निवास पर हुआ। इसमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वोकल फॉर लोकल की बात दोहराते हुए कहा कि देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में धीरेन्द्र नाथ योगी, श्याम चंदेल, सभापति राजेश यादव, सभापति अमित कुमार अनंत, पार्षद नरसिंग गोंड, पार्षद योगेश देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, सुरेश गुनी, वीरेंद्र योगी, सतीश पटेल और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 11 करोड़ की धोखाधड़ी, दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

**जांजगीर चांपा।** बाराद्वार में जमीन की रजिस्ट्री कराने रायगढ़ के 2 लोगों ने 11 करोड़ की धोखाधड़ी की। इस मामले में गुरुश्री इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सहित 2 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। जिले के बाराद्वार में जमीन की रजिस्ट्री कराने रायगढ़ के 2 लोगों ने 11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है. मामले में बाराद्वार पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले नानक बंसल, मुकेश बंसल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है. धोखाधड़ी करने वाले नानक बंसल और मुकेश बंसल, रायगढ जिले के रहने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक, बलौदाबाजार जिले के भाटापारा के निमेश प्रताप सिंह ने बताया कि रायगढ़ के गुरुश्री



इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मुकेश बंसल और नानक बंसल ने बाराद्वार क्षेत्र के छितापड़रिया की 10.032 हेक्टेयर खदान की भूमि को खरीदी बिक्री की बात हुई थी. खदान के लिए उपयुक्त भूमि 17.55 एकड़ भूमि उत्खनन योग्य नहर से दोनों तरफ 50 मीटर छोड़ने बताया था. जो कि मौके पर वह जमीन मात्र 12.50 एकड़ भूमि ही उपलब्ध है. सौदा वाले जमीन में आने जाने की गई थी, वहीं रघुवीर सिंह सिसोदिया, मधुसूदन सिसोदिया ने बताया कि उनकी निजी भूमि है, जिनके द्वारा रास्ता देने से मना कर रहे हैं.

## कोयले की अफरातफरी करने वाला फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** कांटा ऑपरेटर से मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करने वाले फरार वाहन चालक को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में कांटा ऑपरेटर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार सिंह ट्रांसपोर्ट डिविजन मैनेजर कोलवासरी बलौदा द्वारा 4 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कांटा आपरेटर नागेश्वर कश्यप ने वाहन चालकों से मिलीभगत कर कम तौल कोयला को सही तौल पर्ची बनाकर 5 टन कोयला कीमती करीबन 24 हजार रुपये का अमानत में खयानत एवं कोयला की अफरा तफरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के



विरुद्ध थाना बलौदा में धारा 316 (4), 3,5 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। संस्थान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा एवं कांटा पर्ची का अवलोकन किया गया, जिसमें आरोपी नागेश्वर कश्यप काटा आपरेटर और दो अन्य वाहन चालकों द्वारा आपस में मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करना पाए जाने से आरोपी कांटा को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। आरोपी वाहन चालक प्रदीप नारायण मधुकर जो घटना घटित कर फरार था जिसकी थाना बलौदा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। वहीं हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज गया। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बलौदा राजीव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवर, मुकेश यादव, आरक्षक श्याम राठौर, ईश्वरी राठौर सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## ज्ञानोदय कालेज में कारगिल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित





**जांजगीर।** ज्ञानोदय कालेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के संचालक डॉ. सुरेश यादव , समस्त प्राध्यापक श्री अमित कुमार उपाध्याय,श्रीमती चंचला मिश्रा, श्रीमती नेहा शर्मा, कु0 अनुसुइया बंजारे और सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा भारत के शहीद वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। डॉ .सुरेश यादव द्वारा बताया गया कि 1999 का वह दिन जब भारत माता के वीर सपूतों ने अदम्य साहस दिखाकर देश की रक्षा की कठिनाई और विषम हालातों में हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर किया। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि सच्ची देशभक्ति निडरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण से होती है। हम सबका कर्तव्य है कि हम उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दे और एक जिम्मेदार नागरिक बने। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रशिक्षार्थियों द्वारा कविता पाठ और नाटक का मंचन किया गया जिसमें सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा बढ़-चढकर भाग लिया गया। उन्होंने देश की आन - बान और शान के लिए मर मिटने का संकल्प भी लिया।

## कारगिल युद्ध के संबंध में दी गई जानकारी

**जांजगीर।** कृषि महाविद्यालय, जांजगीर-चांपा में 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम डीन डॉ. एके अग्रवाल की अनुमति से हुआ। इस मौके पर डॉ. मनीष कुमार ने प्रेरणादायक भाषण दिया। उनके ओजस्वी शब्दों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। छात्रों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को याद किया। देश के प्रति अपने कर्तव्यों का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस प्रभारी डॉ. पीएस कुसरो और रोहित सिंह राजपूत का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बाद अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। इसका मार्गदर्शन मुनीर जोसेफ मल्होत्रा ने किया। प्रदर्शनी ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने के लिए प्रेरित किया। यह प्रयास युवाओं को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी समझाने की दिशा में अहम रहा।

## जुआ अड्डे पर पुलिस की रेड, तीन पकड़ाए



**जांजगीर।** थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम धरदेई में जुआ खेलते तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा। कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। आरोपियों के पास से 2740 रुपए, 52 पत्तियों की ताश और तीन मोबाइल जब्त किए गए। एसपी विजय कुमार पांडेय के निर्देश पर जिले में जुआ और सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। एसडीओपी यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना शिवरीनारायण पुलिस ने धरदेई गांव में दबिश दी। तीनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र कुर्रे, निवासी कोड़ा भाट वार्ड नंबर एक थाना पामगढ़, संतराम यादव, निवासी वार्ड नंबर 8 मेंहदी थाना शिवरीनारायण और दिनेश केवट, निवासी राहौल वार्ड नंबर 15 थाना शिवरीनारायण शामिल हैं। पुलिस ने सभी को विधिवत गिरफ्तार किया।

## कागजों में बना पीएम आवास, हितग्राही अभी भी झोपड़ी में रहने मजबूर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पीएम आवास में हर रोज नया-नया खुलासा हो रहा है। अब नया मामला सामने आया है, जिसमें खोखसा गांव में कागजों में पीएम आवास बना दिया गया। धरातल में हितग्राही अभी टूटी हुई झोपड़ी में रहने मजबूर है। इधर पीएम आवास का पैसा दूसरे के खाते में ट्रांसफर भी हो गया। हितग्राही अब कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। जिले में प्रधानमंत्री आवास मामला में रोजगार सहायक, सचिव और वास मित्र का एक से बढ़कर एक आवास कारनामा सामने हर रोज आ रहा है। ताजा मामला समीपस्थ गांव खोखसा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव का है। खोखसा ग्राम पंचायत का आश्रित गांव खैरा में इतवारी दास का शासकीय रिकार्ड में प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए तीन किस्त जारी हो गया है। इतवारी दास का मकान अभी भी कच्चा व झोपड़ीयुक्त है।

जहां अधिकारी-कर्मचारियो ने मिलीभगत कर जिस हितग्राही के नाम से पीएम आवास स्वीकृत हुआ है। उसके खाते में राशि डालने के बजाए उसी के नाम के दूसरे व्यक्ति के खाता में राशि डाल दी गई। पात्र हितग्राही अपने पक्का मकान बनाने के लिए स्वीकृत राशि को पाने के लिए जिला पंचायत कार्यालय का चक्कर काट रहा है। विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद अब हितग्राही ने कलेक्टर से मामले की शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पंच अभिषेक राठौर ने बताया कि पंचायत ने भी भ्रष्टाचार का पराकाष्ठा पार किया गया है। इतवारी दास के नाम पीएम आवास में पिछले सरपंच के कार्यकाल का है। जिसमे पात्र हितग्राही का पक्का मकान निर्माण हुआ ही नहीं और जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी एक साल में 1 लाख 30 हजार रुपए को तीन किस्तों में दूसरे खाता में डालकर गबन कर लिया गया। इधर जरूरतमंद पक्का मकाने का सपना देख रहा है।

ज्ञात हो कि सालभर पहले पीएम आवास के लिए ईतवारी का नाम चयन किया गया। लेकिन उसका पैसा खोखसा गांव के इतवारी नाम के दूसरे व्यक्ति के खाता में भेज दिया गया। पहला किस्त जारी होने के बाद अब तक उत्सी इतवारी दास के नाम पर निर्माणाधीन आवास का तीन बार जिओ टेंगिग भी कर दिया गया। 12 सितम्बर 2024 को 40 हजार, 1 जून 2025 को दूसरा किस्त और 2 जुलाई 2025 को तीसरा किस्त भी जारी कर दी गई। पैत्ता भी निकाल भी लिया गया। अपने नाम से स्वीकृत आवात्त की जानकारी लेने जब वास्तविक हितग्राही जनपद पंचायत नवागढ़ में पूछताछ करने पहुंचा। तब इस भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ।

## महिलाओं ने उत्सव के साथ पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया



**जांजगीर।** वीआईपी सिटी कॉलोनी की महिलाओं ने स्थानीय होटल में सावन उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने झूले का आनंद लिया। लजीज पकवानों का स्वाद चखा। हरे रंग के परिधान में महिलाओं ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। वहीं पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सावन सुंदरी और एंटरप्रेन्योर प्रतियोगिता रखी गई। इसमें उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो घर संभालने के साथ छोटा-मोटा व्यवसाय भी करती हैं। पूर्व सावन सुंदरी ममता गुप्ता ने 2025 की सावन सुंदरी पूनम अग्रवाल को ताज पहनाया। पूनम को एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर का अवार्ड भी मिला। दिस एंड दैट गेम में मुनिशा गुप्ता पहले, सूची सोनी दूसरे और अनीता अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहीं। नो योर कॉलोनी मेंबर्स गेम में अपर्णा अग्रवाल पहले, मुनिशा गुप्ता दूसरे और नीतू चक्रवर्ती तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन काजल अग्रवाल और खुशबू अग्रवाल ने किया। पूनम अग्रवाल ने सभी महिलाओं और मुख्य आयोजक नेहा तिवारी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग के साथ हुआ।

### अवैध प्लॉटिंग रोकने सरकार ने छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पर लगाई रोक

# 5 डिसमिल से कम भूमि की अब नहीं होगी रजिस्ट्री, 20 जुलाई से आदेश हुआ लागू

**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार ने पांच डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। अवैध लागू किया गया है। क्योंकि छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री होने की छूट में अफसर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगा पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे थे।अवैध प्लॉटिंग की आई बाढ़, रोकने में अफसर रहे नाकाम छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री होने से जिला मुख्यालय जांजगीर समेत जिलेभर में अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। को किसानों से खरीदकर छोटे-छोटे हिस्से कर बेच रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि एक ही जमीन बलाल कृषि भूमि को। खतरे को भूमि का 20 से 25 टुकडे तक कर दिए गए हैं और बकायदा अलग-अलग लोगों को बेची जा रही थी और रजिस्ट्री हो रही थी। पंजीयक विभाग में आंख मूंदकर रजिस्ट्री हो रही थी। इधर



जिला प्रशासन अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने कार्रवाई करने आदेश जारी करने तक ही सिमट गया था। सालों से अवैध प्लाटिंग के नाम पर एक भी कार्रवाई जिले में नहीं हुई है।

पहले से रजिस्ट्री हो रही थी। इससे अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा था। ऐसे में आखिरकार राज्य सरकार को छोटे की सीरी लगानी पड़ी है। इस संबंधा में सभी जिला पंजीयकों और उप पंजीयकों को आदेश जारी कर दिया गया है। जिले में 20 जुलाई से यह आदेश लागू हो गया है और 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री नहीं की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कि बीजेपी सरकार में पांच डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई थी। जिसे पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा हटा दिया गया था। इससे पांच डिसमिसे बीजेपी सरकार ने इसे लागू कर दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र में भू राजस्व संहिता विधेयक 2025 के तहत यह प्रावधान राज्य में लागू किया गया है। नए विधेयक के मुताबिक किसी भी स्थिति में कृषि भूमि का ऐसा उपखंड नहीं बनाया जाएगा जिसका क्षेत्रफल 0.05 एकड़ से कम हो।

NAME CHANGE

it is informed to the general public that I, AANCHAL AGRAWAL D/O SUNEEL AGRAWAL resident of VILLAGE CHAMPA DISTRICT JANJGIR CHAMPA PIN 495671 (CG) here is a spelling mistake in my father's name in my marksheet. Suneel Agarwal and Sunil Agarwal are the same person so in future i should be recognized by my new name that is AANCHAL AGRAWAL D/O SUNIL AGRAWAL in all Government and other documents.

AANCHAL AGRAWAL
VILLAGE CHAMPA
DISTRICT-JANJGIR
CHAMPA
PIN 495671 (CG)

## अनमोल वचन......

किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो तो सहन कर लो क्योंकि मोती अगर कचरे में भी गिर जाए तोभी कीमती रहता है...

# रिश्ता तोड़ने आमादा दंपति

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा है कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है। इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। जिसमें कहा है, दंपति के दरम्यान गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है, इसका प्रयोग न्यायिक कार्रवाई में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखते हुए कहा, वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत को संज्ञान लिया जा सकता है। यह मामला बठिंडा की कुटुंब अदालत के फैसले पर आधारित है, जिसमें पति को फोन कॉल वाली सीडी का सहारा लेने की अनुमति दी गई थी।

पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसका तर्क था कि यह रिकॉर्डिंग उसकी सहमति या जानकारी के बगैर थी, जो निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत द्वारा इसे कानूनी रूप से अनुचित भी ठहराया गया। मगर सबसे बड़ी अदालत ने माना कि जब विवाह ऐसे स्तर पा पहुंच गया है, जहां दंपति एक-दूसरे की सक्रियता पर नजर रख रहे हों। यह अपने-आपमें रिश्ता तोड़ने का लक्षण है। हालांकि पीठ ने स्वीकारा कि इस तरह के साक्ष्यों को अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ सकता है। देश में तलाक बेहद जटिल प्रक्रिया है। न्यायिक झंझटों, आरोपों-प्रत्यारोंपो, साक्ष्यों सरीखी दिक्कतों के चलते कई दफा दंपति आपसी सहमति से अलग तो जाते हैं मगर तलाक नहीं लेते। हालांकि सच तो यह भी है कि अभी भी अपने समाज में न्यूनतम संबंध विच्छेद होते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतिम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में केवल चौदह लाख लोग तलाकशुदा है। यहां बुरी से बुरी शादी भी सामाजिक/पारिवारिक दबाव में चलाई जाती रहती है। बेहद नाजुक संबंध होने के बावजूद विवाह परिवार का मुख्य केंद्र है। मगर वैवाहिक जीवन में दरारें, मन-मुटाव, संदेह, छल या विवाहेतर संबंधों की अनदेखी कई बार मुश्किल हो जाती है। तलाक के निमयों को काफी आसान बनाए जाने के बावजूद अड़चने कम नहीं की जा सकीं हैं। रिश्ता तोड़ने को आमादा दंपति को बेशक एक मौका देना चाहिए। मगर यदि वे साथ रहने को ही राजी नहीं तो किसी भी अदालत, समाज या परिवार को उन्हें जबरन एक-दूसरे पर थोपने को बाध्य नहीं करना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। आपके पड़ोसी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, उनके घर आना - जाना होगा। आज आपका झुकाव अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा, जिससे आज आपका मन शांत रहेगा। आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते है और आपको काम के सिलसिले में दूसरे शहर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्तिथि और मजबूत बनेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन जल्दबामें कोई फैसला न करें। आज शेयर मार्केट में सोच समझकर इन्वेसट करने से बढ़िया धन लाभ होगा। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे खुश रहेंगें। नौकरी कर रहे लोगों को आज कोई नया ऑफर मिल सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप में इन्वेस्ट करके बड़ा मुनाफा कमाएंगे। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आज से आप जिम ज्वाइन कर सकते हैं। आज आप बच्चों को एक्स्ट्रा एक्टिविटी के लिए क्लासेज भेजने का विचार कर सकते हैं, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होगा। आज आप फैमली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का विचार कर सकते है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। लेखक आज समाज में घट रही घटनाओं के ऊपर कहानी लिखने का विचार कर सकते है। आज आपको टीवी डिबेट में शामिल होने का शानदार मौका मिलेगा। आज आप सोने - चांदी से जुड़े गहनों की खरीददारी कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने काम को बहुत अच्छे ढंग से करेंगे, जिससे बॉस आपकी तारीफ करेंगे। अविवाहित व्यक्तियों को आज विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, माता - पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे परिवार में खुशियां आयेंगी। आज से आप आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत करेंगे, जिससे आंतरिक सुख की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा, जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में आनन्द का माहौल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको कुछ कार्यों में तत्काल प्रभाव से परिणाम मिलेगा। आज आप अपना सोशल बिहेवियर ठीक रखें, जिससे लोग आपके काम को सम्मान देंगे। घर लेने वालों के लिए आज अच्छा दिन है, आप डील फाइनल कर सकते है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है। रोज की अपेक्षा आज आपको ज्यादा भाग दौड़ करनी पड़ सकती है, बच्चे आपका सहयोग करेंगें। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। द

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी अटके हुए काम को पूरा करने का प्रयास कर सकते हैं, जीवनसाथी से सहयोग की प्राप्ति होगी। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप परिवार के साथ बाहर खाने पर जा सकते हैं। आज आप बच्चों का खास ख्याल रखें, उनका आज पढ़ाई पर ध्यान नहीं होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपका मन अध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे मानसिक शांति का अहसास होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। बैंक में नौकरी करने वाले व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें। मीडिया जगत से जुड़े लोग आज किसी बड़ी खबर पर चर्चा करेंगें। आज आपको प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का एक अच्छा ऑफर मिलेगा। आज आप परिवार के साथ मंदिर जायेंगे जंहा आपको साधु-संतों के दर्शन होंगे।

# भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी

//प्रह्लाद सबनानी//

**भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षो से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है क्योंकि भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है, परंतु हाल ही के वर्षों में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है।**

विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नये विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अतः इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है।

अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। 'जेफरीज' के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है।

भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है।

एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नये रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है।

वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपये का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है।

एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह पण्करे कि प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण के लिए प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दोगुना किया जा सकता है।

भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षो से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है क्योंकि भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है, परंतु हाल ही के वर्षो में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है।

विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नये विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अत~ इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। 'जेफरीज' के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं।

यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है।

एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नये रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है।

वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपये का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है। एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह पण्करे कि प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण के लिए प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दोगुना किया जा सकता है।

# मंगल कार्य का श्रेय देवेंद्र फडणवीस को

//आचार्य पवन त्रिपाठी//

**महाराष्ट्र के राजनीतिक इतिहास में यशवंतराव चव्हाण को संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के बाद राज्य में मंगल कलश को लाने का श्रेय जाता है। वसंतराव नाईक सबसे लंबे कार्यकाल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन महाराष्ट्र के कोने-कोने में मंगल कार्य को पहुंचाने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वो वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र को विकास की अभूतपूर्व गति प्रदान की है। आज टेस्ला की कार हिन्दुस्तान में लॉन्च होती है तो इस कार का स्वागत करते हुए फडणवीस जी की तस्वीर सबसे पहले प्रकाशित होती है। उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्राप्त करने वाला सबसे बड़ा राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र कारोबार में भी शीर्ष पर मौजूद है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वो परियोजनाएं भी साकार होती दिख रही हैं जो कई दशक से लटकी हुई थीं। उदाहरण की तौर पर मुंबई और न्हावाशेवा को जोड़ने वाले 'अटल सेतु' की परिकल्पना 1964 में की गई थी, लेकिन पूरे छह दशक बाद देवेन्द्र फडणवीस जी के ही कार्यकाल में न्हावाशेवा सी लिंक परियोजना की मंजूरी, कार्यान्वयन और लोकार्पण हो सका।**

इसी तरह से मुंबई की कोस्टल रोड परियोजना की परिकल्पना 1952 में की गई थी। तब से लेकर कई दशक तक ये परियोजना सिर्फ कागजों पर बनी रही। विधान मंडल की प्रश्नोत्तरी में भी बार-बार इस परियोजना पर प्रश्न पूछे गए और सरकार ने इससे जुड़े हर सवाल का सटीक उत्तर दिया। उन्होंने अपने प्रथम कार्यकाल में कोस्टल रोड की परियोजना का शिलान्यास किया और उनके ही कार्यकाल में ही ये योजना लोकार्पित की गई। दो और परियोजनाएं हैं जो हर किसी की नजर में हैं। पहली मुंबई मेट्रो की परियोजना और दूसरी मुंबई में मेट्रो परियोजना का विस्तार। बॉम्बे अर्बन टाउन प्लानिंग 1, जो 1970 के दशक में प्रारंभ हुई। मुंबई में मेट्रो के एक चरण का निर्माण कार्य ही हो पाया।

इस परियोजना का एक फेज तो प्रारंभ हो गया, लेकिन मुंबई मेट्रो के कई कॉरिडोर, जैसे-मेट्रो लाइन 2ए, मेट्रो लाइन 7 और मेट्रो लाइन 3, जैसी परियोजनाओं की भी मंजूरी से लेकर लोकार्पण तक देवेन्द्र फडणवीस जी के कार्यकाल में ही संभव हो सका, लेकिन जब ढाई वर्षो के लिए 2019 से 2022 की कार्यावधि में सीएम फडणवीस सत्ता में नहीं थे तो मेट्रो की इन परियोजनाओं को तत्कालीन उद्धव ठाकरे की सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था, यार्ड के विवाद के नाम पर परियोजनाएं रोक दी गई थीं, फडणवीस की सरकार बनते ही इस परियोजनाओं को गति मिलना प्रारंभ हुआ। मुंबई ही नहीं नागपुर मेट्रो का भी शुभारंभ उन्हीं के कार्यकाल में हुआ। ठाणे समेत अन्य कई शहरों में मेट्रो की परियोजनाएं चल रही हैं। जब तक वो सीएम नहीं बने थे तब तक अलग राजनीतिक का मुद्दा अक्सर सुर्खियों में छाया रहता था। महाराष्ट्र के विकास के नाम पर राजनीति के साथ सौतेला व्यवहार होता था।

कई दशक से राजनीति करने वालों ने जिस तरह से विदर्भ को विकास की हिस्सेदारी से वंचित रखा था, उससे पृथक विदर्भ की मांग गूंज रही थी, लेकिन फडणवीस जी ने मुख्यमंत्री बनते ही 'समृद्धि महामार्ग परियोजना' की संकल्पना प्रस्तुत कर अपने कार्यकाल में ही 700 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस वे को साकार कर दिया। जब से समृद्धि महामार्ग का लोकार्पण हुआ है तब से दोनों की दूरी सिमट सी गई है। इस समृद्धि महामार्ग ने मुंबई के हृदय से नागपुर के हृदय को जिस तरह से जोड़ा है, उसने नाकारात्मक राजनीति करने वालों की बोलती बंद कर दी। ये महाराष्ट्र की जीवन रेखा बन गई है। इस जीवन रेखा को साकार करने के संकल्पनाकार भी देवेन्द्र फडणवीस हैं।

गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की योजनाओं को पहुचाने का कार्य देवेंद्र फडणवीस ने किया। फडणवीस के कार्यकाल में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की सड़कों का क्रांतिकारी कायाकल्प हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर उन्होंने जबरदस्त फोकस किया है कि आज महाराष्ट्र का लगभग हर गांव सड़क के नेटवर्क से जुड़ गया है। महाराष्ट्र में हमेशा अकाल का भयंकर असर होता था। इन्होंने अपने पहले कार्यकाल में 11 हजार गांवों को जल युक्त शिवार अभियान से जोड़कर जिस तरह जल समृद्धि योजना को साकार किया उससे महाराष्ट्र का बड़ा हिस्सा अकाल मुक्त हो सका। किसानों की ऋण माफी के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज की शेतकरी सम्मान योजना लाकर बड़े पैमाने पर किसानों को राहत प्रदान की गई।

पूरे देश में नरेन्द्र मोदी जी ने मेक इन इंडिया का कार्यक्रम चलाया, उसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है। भारत आज मोबाइल, ऑटोमोबाइल, फार्मा जैसे तमाम क्षेत्रों में न सिर्फ आत्मनिर्भर बना है, बल्कि बड़े निर्यातक के तौर पर भी उभरा है। उसी तरह से सीएम फडणवीस ने 'मेक इन महाराष्ट्र' को बल दिया जिससे फॉक्सकॉन जैसी कंपनियां भी महाराष्ट्र की ओर आकर्षित हुई। और यदि बीच के दिनों में उद्धव ठाकरे का कार्यकाल न आया होता तो ये निश्चित था कि फॉक्सकॉन और वेदांता की सेमीकंडक्टर परियोजना महाराष्ट्र में साकार हुई होती। मैगेनेटिक महाराष्ट्र जैसे समिट का आयोजन करके लाखों-करोड़ों रुपयों के एमओयू फडणवीस जी के कार्यकाल में ही साकार हुए और दूसरे दावोस में सीएम फडणवीस विस्तरीय सीईओ की ही तरह महारष्ट के लिए निवेश आकर्षित करने में भी सफल रहे।

देशभर में सर्वाधिक स्मार्ट सिटी के रूप में शुमार पुणे, ठाणे, नागपुर जैसे शहरों का भी कायाकल्प फडणवीस जी के ही कार्यकाल में हुआ। उन्होंने अपने कार्यकाल में मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों को संसाधन मुहैया कराने के साथ ही महाराष्ट्र के गांवों को भी सुविधा संपन्न बनाकर उसके जीवन स्तर को ऊपर उठाया। महाराष्ट्र की जनता ने फडणवीस को जनादेश देकर यह संदेश दिया है कि अब केवल विकास एवं नीतिगत फैसले लेने वाले तथा सकारात्मक राजनीति करने वाले ही सफल होंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरुवथिराई महोत्सव में भाग लिया।



शिवसेनायूबीटी द्वारा एक्स के माध्यम से जारी की गई इस छवि में, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई दी जा रही है।



उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में भगदड़ मचने के बाद पुलिस और एसडीआरएफ के जवान घटनास्थल पर मौजूद हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।



हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग पर हुई भगदड़ में 8 श्रद्धालुओं की मौत , 28 घायल।



सीएम धामी ने मनसा देवी पैदल मार्ग पर हुई भगदड़ में घायल हुए लोगों का हाल जाना।



दक्षिण कोलकाता जिला कांग्रेस समिति के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया।



तमिलनाडु के त्रिची में कांग्रेस सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की त्रिची यात्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कथित तौर पर तमिलनाडु को केंद्र सरकार के धन का आवंटन नहीं किया गया था।

# थाइलैंड और कंबोडिया के बीच थम जाएगा शिव मंदिर का विवाद

## मलेशिया में आज मिलेंगे दोनों देश के नेता

**कुआलालंपुर, 28 जुलाई [एजेंसी]।**




थाइलैंड और कंबोडिया के नेता सोमवार को मलेशिया में मुलाकात करेंगे और वहां पर संघर्षविराम पर वार्ता होगी। यह जानकारी मलेशिया के विदेश मंत्री मुहम्मद हसन ने दी है। शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के नेताओं से टेलीफोन पर वार्ता करके उनसे लड़ाई खत्म करने के लिए कहा था। लड़ाई जारी रहने पर उन्होंने अमेरिकी व्यापार बंद करने की धमकी दी थी। थाइलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने लड़ाई खत्म करने की उनकी सलाह के लिए शुक्रिया कहा है लेकिन मलेशिया में वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री हसन ने कहा, दोनों ही देशों ने शांति वार्ता का हमारा अनुरोध माना है और हमारी मध्यस्थता स्वीकार की है। मलेशिया को उम्मीद है कि जल्द ही क्षेत्र में शांति स्थापित हो जाएगी। विदित हो कि मलेशिया के पास इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान की अध्यक्षता का दायित्व है।वहां के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम ने गुरुवार को थाइलैंड और कंबोडिया में लड़ाई छिड़ने के बाद शांति की अपील की थी और मध्यस्थता की पेशकश की थी। थाइलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता जिरायु हुआंगसैप ने बताया कि थाइलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाइ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम के निमंत्रण पर कुआलालंपुर जाएंगे और वहां पर क्षेत्र में शांति स्थापित करने के उपायों पर वार्ता करेंगे। जिरायु ने बताया है कि कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत भी मलेशियाई प्रधानमंत्री की मध्यस्थता में होने वाली इस वार्ता में भाग लेंगे। सीमा पर स्थित शिव मंदिर के अधिकार को लेकर थाइलैंड और कंबोडिया के बीच लड़ाई रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। दोनों ओर फायरिंग, राकेट प्रहार और गोलाबारी जारी रही। इस लड़ाई में अभी तक 33 लोग मारे गए हैं और दो लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

# एयरपोर्ट में सज-धजकर पहुंची महिला चेकिंग करते ही ब्रा में हुई हलचल

## सच्चाई जानकर अधिकारियों के उड़े होश

**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**



अमेरिका के मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ऐसी घटना घटी, जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। फ्लोरिडा की रहने वाली एक महिला काफी सज-धज कर एयरपोर्ट पहुंची थी। जब वो चेकिंग प्रक्रिया से गुजर रही थी, तो कर्मचारियों को उनके ब्रा के अंदर कुछ हलचल महसूस हुई।इसके बाद अधिकारियों ने महिला की तलाशी ली। तलाशी लेते ही अधिकारियों के होश उड़ गए। महिला ने ब्रा के अंदर से दो जिंदा कछुए छुपा रखा था। कछुए कपड़े और प्लास्टिक रैप में लपेटे हुए थे ताकि वे बाहर से दिखाई न दें।इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी TSA ने खुद तस्वीरें शेयर कीं और लोगों को चेताया कि वे जानवरों को कपड़ों में छिपाकर एयरपोर्ट से न लाएं। TSA ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमने कई बार आग्रह किया है कि कृपया जानवरों को शरीर के अजीब हिस्सों में छिपाकर ले जाने की कोशिश न करें। कछुओं जैसे जीव भी सुरक्षा जांच से गुजर सकते हैं, लेकिन उनके लिए निर्धारित नियमों का पालन जरूरी है।

दोनों कछुओं को फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्य जीव विभाग को सौंप दिया गया है। अमेरिका में एयरपोर्ट पर जानवरों की तस्करी का मामला कोई नया नहीं है। इस साल मार्च में एक यात्री ने नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीएसए सुरक्षा को भेदते हुए एक आक्रामक कछुए की तस्करी करने की कोशिश की थी। उस व्यक्ति ने इस कछुए को अपनी पैंट के सामने छिपा रखा था। अधिकारियों के अनुसार, कछुए को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था।

# लद्दाख मेंएलएसी के पास बसाए जाएंगे तिब्बती, चीन को घेरने के लिए भारत ने क्या बना मास्टर प्लान



**जम्मू, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा के लद्दाख प्रवास के बीच तिब्बतियों को चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब चुमुर क्षेत्र में बसाने की तैयारी हो रही है। इससे चीन को मिर्ची लगना तय है। यहां बता दें कि चीन कई बार इस क्षेत्र में शरारत कर चुका है। निश्चित तौर पर तिब्बत से पलायन हुए परिवारों को यहां बसाने से इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर आसानी से नजर भी रखी जा सकेगी। तिब्बतियों के पुनर्वास के लिए लेह के थिकसे मठ ने सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (केंद्रीय तिब्बती प्रशासन) को 7.75 एकड़ भूमि दी है।चुमुर पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती एलएसी के करीब है। अब चुमुर में मिली जमीन को तिब्बतियों के पुनर्वास के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। भूमि के कागजात नौवें थिकसे रिनपौचे, नवांग जामयांग चंबा स्टेंजिन ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रतिनिधि सिकयोंग पेंपा सेरिंग को सौंपे। इस भूमि पर उन तिब्बती परिवारों का पुनर्वास होगा जिनके पास लेह की तिब्बती कालोनी में घर नहीं हैं। पूर्वी लद्दाख का चुमुर इलाका लेह से 300 किलोमीटर की दूरी पर है पर एलएसी से सटा है। चुमुर चीन के कब्जे में आए तिब्बत से लगता हुआ क्षेत्र है, ऐसे में तिब्बती परिवार अपनी माटी के करीब जाकर बस सकेंगे।यहां बता दें कि चीन के तिब्बत पर कब्जे के बाद बड़ी संख्या में तिब्बती घर छोड़ने को मजबूर हो गए थे। यह परिवार दशकों से लेह में सोनमलिंग तिब्बत सेटलमेंट में सैकड़ों तिब्बती परिवार शरण लिए हैं। समय के साथ तिब्बतियों की संख्या में वृद्धि से यह जमीन कम पड़ रही है। सोनमलिंग सेंटलमेंट का संचालन हिमाचल के धर्मशाला से केंद्रीय तिब्बती प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रतिनिधियों ने थिकसे रिनपोचे के आवास पर बैठक कर तिब्बतियों के कल्याण संबंधी मुद्दों पर भी बातचीत की। उन्होंने चुमुर का दौरा कर उस जगह का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अवगत कराया कि जल्द तिब्बतियों के पुनर्वास के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। दल के सदस्यों ने चुमुर में रहने वाले लद्दाख के चरवाहों के साथ बातचीत भी की। इस जमीन से लद्दाख में तिब्बती समुदाय को बहुत लाभ होगा। इससे तिब्बती, लद्दाखी बौद्ध समुदाय के साथ अन्य समुदायों को भी बल मिलेगा। थिकसे रिनपोचे ने कहा कि तिब्बतियों की जरूरत के समय उनका सहयोग कर नैतिक जिम्मेदारी निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा ने हमेशा हिमालयी भिक्षुओं का समर्थन किया है।तिब्बत मंच के उत्तर भारत के प्रभारी पदाधिकारी कुलदीप शर्मा का कहना है कि अगर चुमुर में तिब्बतियों का पुनर्वास होता है तो यह बहुत अच्छी बात है। चीन अतिक्रमण में विश्वास रखने वाला देश है।

### अगर युद्ध नहीं रोकोगे तो... थाईलैंड-कंबोडिया को ट्रंप ने क्या दी चेतावनी ?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष को रुकवाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच रविवार को 15 प्रतिशत टैरिफ का समझौता हुआ। यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ उन्होंने मीडिया से बातचीत की।जब उनसे कंबोडिया और थाईलैंड सैन्य संघर्ष को लेकर सवाल पूछा गया तो ट्रंप ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से दोनों देशों के नेताओं से बातचीत की। मैंने चेतावनी दी है कि अगर दोनों देश शांति की पहल नहीं करते हैं तो मैं उनसे कोई व्यापार समझौता नहीं करूंगा। ट्रंप ने आगे कहा, यह मेरे लिए आसान होना चाहिए क्योंकि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता किया है। मैं कंबोडिया और थाईलैंड के बीच युद्ध समाप्त करवा सकता हूं।

## राजस्थान में फिर गिरी एक सरकारी स्कूल की छत, हरकत में आई सरकार

**जयपुर 28 जुलाई।** झालावाड़ के पिपलोदी में सरकारी स्कूल के कमरे की छत गिरने से सात बच्चों की मौत और 21 बच्चों के घायल होने के बाद से राजस्थान में स्कूलों की दीवार और छतों के गिरने का सिलसिला रुक नहीं रहा है।हादसे के तीसरे दिन रविवार को वर्षा के दौरान उदयपुर के रूपावली गांव में एक प्राथमिक स्कूल के कमरे की दीवार गिर गई, जबकि चूरू जिले के हरदेसर गांव में मरम्मत के दौरान सरकारी स्कूल के बरामदे की छत गिर गई।अवकाश होने के कारण दोनों जगह कोई बच्चा नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टला। हालांकि, हरदेसर में एक मजदूर घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को भी नागौर व सिरोही में दो सरकारी स्कूलों की छत गिर गई थी। झालावाड़ में ही रविवार को एक पुराने सामुदायिक भवन की दीवार भी गिर गई। हालांकि, यहां भी कोई जनहानि नहीं हुई।उधर, पिपलोदा हादसे के बाद हरकत में आई राज्य सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, अस्पतालों सहित सरकारी भवनों, पुल एवं छोटी पुलियों की सुरक्षा समीक्षा को लेकर 11 सदस्यीय कमेटी गठित की है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता की अध्यक्षता में गठित कमेटी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 और वित्त विभाग के एक अधिकारी को शामिल किया गया है। सरकार ने सभी कलेक्टरों एवं प्रभारी सचिवों को जर्जर भवनों एवं पुलियों के रखरखाव की निगरानी रखने का निर्देश दिया है। इस बीच, पिपलोदा हादसे के विरोध में धरना-प्रदर्शन का दौर भी जारी है।

# पति की मौत से बेखबर उर्मिला घंटों करती रही लौटने का इंतजार, गहरे सदमे में परिवार का हर सदस्य



**हरिद्वार, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

गंगा स्नान और मां मनसा देवी के दर्शन को बाराबंकी (उप्र) से 17 श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को ही धर्मनगरी पहुंच गया था। रविवार को गंगा स्नान बाद मां मनसा देवी के दर्शन को जत्थे में शामिल हर एक सदस्य के चेहरे पर आस्था की चमक और दिलों में भक्ति की उमंग थी। सुबह का समय था। जत्था पैदल मां मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों की ओर बढ़ रहा था। तभी अचानक करंट उतरने की अफवाह फैली और इस अफवाह ने पूरे माहौल को अफरा-तफरी में बदल दिया। ऊपर से कुछ युवक लोगों को धक्का मारते हुए नीचे की ओर भागने लगे। भगदड़ और चीख पुकार मची।जत्थे में शामिल 50 वर्षीय वकील और 45 वर्षीय फूलमती धक्कामुक्की में गिर पड़े। जब तक लोग कुछ समझ पाते, वकील की सांसें थम चुकी थीं। फूलमती गंभीर रूप से घायल हो गयी थीं। जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर यह बताते जत्थे में शामिल श्रीप्रकाश की आंखें भर आती है। बताते हैं कि जैसे-तैसे दोनों को लेकर वह और जत्थे में शामिल कुछ लोग जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने वकील को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल फूलमती को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। फूलमती के साथ उसके भाई-बहन और बहनोई भी ऋषिकेश एम्स में ही हैं। बताया कि वकील की पत्नी उर्मिला को भी चोटें आयी हैं। वह कुछ अन्य सदस्यों के साथ धर्मशाला में ही है। इस बात से अनजान कि उनके जीवनसाथी अब इस दुनिया में नहीं हैं। बताया कि वकील की मौत की सूचना बाराबंकी में उनके भाइयों सुरेश और रामसागर को दे दी गयी है। परिवार का हर सदस्य गहरे सदमे में है। वकील के पांच बच्चे- दो बेटियां और तीन बेटे हैं। किसी की भी अभी शादी नहीं हुई है। खेती-किसानी कर जैसे-तैसे अपने बच्चों का भविष्य संवारने की कोशिश कर रहे वकील, अब इस दुनिया में नहीं है किसी को भी यकीन नहीं हो रहा। इस हादसे ने सिर्फ एक व्यक्ति की जान नहीं ली बल्कि एक पूरे परिवार की उम्मीदें, सपने और सहारे को छीन लिया। वकील की पत्नी के लिए यह यात्रा कभी ना भूलने वाला दुःस्वप्न बन गयी है। एक ऐसी तीर्थयात्रा जो उन्हें अकेला और टूटे हुए दिल के साथ घर लौटने पर मजबूर करेगी।

### नहर में टैंपो गिरने से पांच लोगों की मौत, 10 से ज्यादा लोग पानी में बह गए

**अहमदगढ़।** पंजाब के अहमदगढ़ के पास से गुजरती नहर की सरहिंद-बठिंडा शाखा पर जगेड़ा नहर पुल से तेज गति से आ रही एक टाटा एस टैंपो रविवार देव रात्रि राड़ा साहिब से एक किलोमीटर दूर नहर में गिर गई। इसमें करीब 25-26 लोग सवार थे।लगभग 15-16 लोगों को बचा लिया गया तथा कुछ लोग पानी के तेज बहाव में बह गए। सभी लोग नयना देवी से लौट रहे थे। सभी लोग मालेरकोटला जिले के मनकवाल गांव के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने घटना को देखकर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पायल थाना, मलौद और अहमदगढ़ से पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पानी के तेज बहाव के कारण कई लोग पानी में बह गए तथा कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से देर रात तक एक डेढ़ वर्षीय बच्ची व एक महिला का शव बरामद किया।

# भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर चलती कार में लगी आग... मां-बेटे ने कूदकर बचाई अपनी जान, 8 किमी तक लगा जाम



**भागलपुर, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर रविवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। हालांकि, कार में सवार मां-बेटे ने कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना शाम 6.10 बजे सेतु के पिलर संख्या 125 -126 के पास की है। कार खगड़िया के परबत्ता प्रखंड के खुर्द डुमरिया गांव निवासी मोनू कुमार चला रहे थे। उसके साथ उसकी मां भी कार में सवार थीं। अचानक कार में तेज स्पार्क हुआ और देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। गनीमत रही कि दोनों समय रहते कार से बाहर निकल गए और उनकी जान बच गई।घटना के बाद विक्रमशिला सेतु पर ट्रैफिक पूरी तरह से तीन घंटे तक ठप हो गया। दोनों ओर सैंकड़ों वाहन खड़े हो गए। करीब 8 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। जलती हुई कार के कारण घंटों पुल पर अफरा-तफरी मची रही। आग लगने के बाद आसपास के लोग जलती कार का वीडियो बनाते नजर आए, जबकि पुलिसकर्मी लोगों को कार से दूर रहने की हिदायत दे रहे थे, क्योंकि कार से विस्फोट जैसी आवाजें भी आ रही थीं।कार में आग लगने के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए अग्निशमन विभाग की दो छोटी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी आशीष सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। वे उस समय बरारी पुल घाट के पास थे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले यह सुनिश्चित किया गया कि कोई व्यक्ति कार में फंसा न हो। उसके बाद आग पर नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करने का कार्य शुरू हुआ।आग की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आसपास के सभी वाहनों को खाली कराया गया। जाम की स्थिति इतनी भयावह थी कि सैंकड़ों लोग सेतु पर पैदल ही पार करते दिखे। जीरोमाइल फ्लाईओवर के नीचे जाम की वजह से अग्निशमन की बड़ी गाड़ी भी समय पर नहीं पहुंच सकी। सावन सोमवारी को लेकर वैसे भी भारी वाहनों पर रोक थी, लेकिन इस आगलगी ने शहर की रफ्तार को पूरी तरह रोक दिया। पुलिस व दमकल टीम की तत्परता से जनहानि टल गई। रात 10 बजे पुल पर यातायात सामान्य हो पाया। मोनू ने बताया कि वह अपने गांव से भागलपुर तिलकामांझी अपने आवास पर आ रहे थे। नवगछिया के तरफ से पुल जाम था। काफी समय तक गाड़ी चलने की वजह से ओवर हिट हो गई थी। इसका वार्निंग भी गाड़ी दे रहा था। लेकिन पुल पर रोकने पर जुर्माना लगता है, इसलिए मैंने सोचा कि पुल खत्म होते ही गाड़ी रोककर इसे देखूंगा। लेकिन, तब तक गाड़ी ने आग पकड़ ली। खगड़िया के परबत्ता प्रखंड स्थित खुर्द डुमरिया के मोनू कुमार अपनी मां के साथ गाड़ी से भागलपुर स्थित आवास लौट रहे थे। रास्ते में विक्रमशिला सेतु पर गाड़ी दो बार बंद हुई। मोनू को कुछ अजीब लगा। फिर अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। बिना देर किए उन्होंने मां को बाहर निकाला और जरूरी सामान समेटे। जैसे ही दोनों दूर हुए, गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। आग की ऊंची लपटें उठने लगीं।

# बिहार की लुटेरी दुल्हन की रंगीन कहानी... इससे शादी करके दूल्हे गंवा देते हैं लाखों रुपये, ब्याह के बाद हो जाती फरार

**फिरोजाबाद, 28 जुलाई [एजेंसी]।**



फिल्मी पर्दों की रंगीन दुनिया की तरह यह कहानी भी पूरी फिल्मी है। बिहार की लुटेरी दुल्हन की इस रंगीन कहानी में कई किरदार हैं। जो शादी के बाद जेवर-गहने एक झटके में बोल्ड कर देते हैं। कटिहार की रहने वाली पूनम उर्फ रंजना बीते दिन उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में अपने गिरोह के चार शातिरों के साथ पकड़ी गई। ये सभी शादी के बाद दूल्हे को लाखों रुपये का चूना लगाकर फरार हो जाते हैं। झारखंड और बिहार की लड़कियों से शादी कराकर गहने और रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को लाइनपार पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार किया। एक लुटेरी दुल्हन भी इसमें शामिल है। वह शादी करने के दूसरे दिन ही गहने, नकदी और अन्य सामान लूट कर गायब हो जाती थी। दोपहर में सभी जेल भेज दिए गए।ओम नगर निवासी पूनम ने शनिवार को प्राथमिकी में पुलिस को बताया था कि उनकी मौसी के लड़के अजय निवासी ग्वालटोली कानपुर की शादी की बात उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालक अजय प्रकाश सविता निवासी हिमायूंपुर से की थी। अजय प्रकाश ने लड़की दिखाने के बहाने कुछ दिन पहले उन्हें जैन मंदिर बुलाया। वहां वह अपने साथी शाहरुख निवासी अलीपुर अलीगंज एटा, अमर सिंह राठौर निवासी रसूलपुर, पूनम उर्फ रंजना निवासी निवासी सिकोरना नूर टोला थाना कदवा जिला कटिहार बिहार के साथ मिला। 16 जुलाई को अजय की शादी रंजना के साथ कानपुर में करमठ वाले मंदिर में हुई। 18 जुलाई की रात रंजना पहने हुए जेवरात और 15 हजार रुपये लेकर गायब हो गई।अजय इसकी शिकायत लेकर आया तो चंद्रवार गेट के पास शाहरुख खान और अजय प्रकाश मिले। शिकायत करने पर दोनों ने कहा कि 50 हजार रुपये और दो, तब वे दुल्हन को उनके घर लेकर आएंगे। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि इन दोनों के साथ एक युवती रानी को रविवार सुबह नकटपुरा रेलवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में शाहरुख ने बताया कि वह बिहार व झारखंड से लड़कियां लाता है तथा ग्राहक (लड़का) अजय प्रकाश लाता है। रंजना व रानी दोनों दुल्हन बन कर शादी करती हैं तथा मौका मिलने पर जेवरात, रुपये आदि लेकर भाग जाती हैं। गिरोह ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रांतों में इस तरह की घटनाओं को स्वीकारा है। आरोपितों के पास से 15 हजार रुपये, तीन मोबाइल बरामद किए गए।

### दिल्ली-एनसीआर में आज जमकर बरसेंगे बादल, यूपी-बिहार सहित इन राज्यों में भी भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर का असर आज यानी 28 जुलाई को देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली एनसीआर, पंजाब और हरियाणा में आज बारिश की उम्मीद है। दो अगस्त तक अब पूरे दिल्ली एनसीआर यानी नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव और फरीदाबाद समेत ग्रेटर नोएडा में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी।भारत मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत मिश्रा ने जानकारी दी कि 28 जुलाई को दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहेंगे। कई इलाकों में झमाझम बारिश के आसार हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी जमकर बादल बरस सकते हैं। मेरठ, सहारनपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, रामपुर, बुलंदशहर, बरेली सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। बात करें बिहार की तो पटना, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, मुंगेर सहित कई जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है।राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी आज बारिश की उम्मीद है। राजस्थान के 10 से अधिक शहरों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा को लेकर भागा शिक्षक, खोजने में जुटी पुलिस

**लुधियाना।** जगराओं-सिधवांबेट के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कराटे की ट्रेनिंग देने वाला अध्यापक दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लडक़ी को लेकर फरार हो गया। इसके संबंध में अध्यापक गुरप्रीत सिंह के खिलाफ थाना सिधवांबेट में मुकदमा दर्ज किया गया। एएसआई राजविंदर पाल सिंह ने बताया की लडक़ी की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी लडक़ी दसवीं कक्षा की छात्रा है और 29 जून की रात को हम जब हम सभी सोए हुए थे तो सुबह हमारी लडक़ी घर पर नहीं थी।जिसकी हमने अपने स्तर पर हर जगह तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। अब हमें पता चला है कि उनकी लडक़ी को स्कूल में कराटे सीखाने वाला अध्यापक गुरप्रीत सिंह शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया है। लडक़ी की मां की शिकायत पर गुरप्रीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## दिल्ली पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर 20 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, विजिलेंस जांच शुरू



**नईदिल्ली, 28 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी के पश्चिम विहार थाना क्षेत्र में एक महिला सब-इंस्पेक्टर नीतू बिष्ट को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने की, जिसके बाद आरोपित अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पुलिस विभाग के अनुसार, शिकायत मिलने पर विजिलेंस विभाग ने जाल बिछाकर सब इंस्पेक्टर नीतू बिष्ट को रिश्वत लेते समय पकड़ा। आरोप है कि वह किसी मामले में पक्षपात रहित कार्रवाई के बदले यह भारी रकम मांग रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पश्चिम विहार थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल नीतू बिष्ट से लगातार पूछताछ जारी है और विजिलेंस टीम यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस भ्रष्टाचार में कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी शामिल था। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच की दिशा में तेजी लाते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोप सही पाए गए, तो आरोपित अधिकारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सेवा से बर्खास्तगी और आपराधिक अभियोजन भी शामिल हो सकता है। मामले की जांच जारी है।

# डाइट में शामिल करें शहतूत मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े ये बड़े लाभ



## अंजलि अरोड़ा ने गोवा में समंदर किनारे दिखाई बोल्ड अदाएं

एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा हाल ही में म्यूजिक वीडियो दिल पे चलाई छुरियां में नजर आई थीं. इस म्यूजिक वीडियो में उनके साथ सोशल मीडिया सेंसेशन राजू कलाकार और कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नजर आए थे. अंजलि अरोड़ा का ये म्यूजिक वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है. इसी बीच उन्होंने गोवा में समंदर किनारे जमकर एंजॉय किया है और फोटोशूट करवाया है. फोटोशूट के दौरान अंजलि अरोड़ा का सिजलिंग अंदाज देखने को मिला है. उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है और उन पर फैंस फिदा हो रहे हैं.

अंजलि अरोड़ा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर काफी एक्टिव रहती हैं. अंजलि अरोड़ा आए दिन अपने से जुड़े फोटोज और वीडियोज तमाम चाहने वाले फैंस को दिखाती रहती हैं.

अंजलि अरोड़ा ने अब गोवा में समंदर किनारे अपना बोल्ड अंदाज दिखाकर फैंस को मदहोश कर दिया है. अंजलि अरोड़ा की एक-एक तस्वीर फैंस का ध्यान खींच रही है.

अंजलि अरोड़ा ऑफ शोल्डर टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहन रखा था. इस तरह से अंजलि अरोड़ा ने एक बार फिर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नही छोड़ा.

अंजलि अरोड़ा के खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे. अंजलि अरोड़ा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और उन पर लोग कमेंट कर रहे हैं.

अंजलि अरोड़ा ने कैप्शन लिखा है, तुम हो तो सब अच्छा है. अंजलि अरोड़ा को लेकर एक यूजर ने लिखा है, तुम भी एक मूवी बना लो, एक यूजर ने लिखा है, क्या अदाएं हैं?

अंजलि अरोड़ा के लिए ये पहला मौका नहीं जब उन्होंने अपना ग्लैमरस अवतार दिखाया है. अंजलि अरोड़ा को कई बार हद से ज्यादा बोल्डनेस दिखाने पर ट्रोल भी किया जाता है.

अंजलि अरोड़ा म्यूजिक वीडियो कच्चा बादाम से काफी ज्यादा पॉपुलर हो गई थीं. बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के रियलिटी शो लॉकअप में अंजलि अरोड़ा नजर आ चुकी है.

शहतूत एक ऐसा फल है, जो दिखने में तो साधारण लगता है, लेकिन इसमें पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा होती है। यह फल न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। शहतूत में विटामिन-सी, लोहे, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आइए जानते हैं कि शहतूत का सेवन करने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

वजन नियंत्रित करने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश में लगे हैं तो शहतूत का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें कैलोरी कम होती है और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवाती है। इससे आप अनहेल्दी स्नैकिंग से बच सकते हैं और अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा शहतूत में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देते हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।



आंखों के लिए है फायदेमंद

शहतूत आंखों की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद खास यौगिक आंखों की रोशनी को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके अलावा यह उम्र बढ़ने के साथ होने वाली आंखों की समस्याओं जैसे मोतियाबिंद और ग्लूकोमा से बचाव करता है। शहतूत में विटामिन-ए और अन्य पोषक तत्व भी होते हैं, जो आंखों की रोशनी को सुधारने और आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

हृदय को स्वस्थ रखने में है प्रभावी

शहतूत हृदय रोगों के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं। इसके अलावा शहतूत में मौजूद तत्व रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। नियमित रूप से शहतूत का सेवन करने से हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे हृदय स्वस्थ रहता है।

पाचन क्रिया को सुधारने में है मददगार

शहतूत पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके अलावा शहतूत में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं। शहतूत का नियमित सेवन करने से पाचन क्रिया बेहतर तरीके से काम करती है और आंत की सूजन जैसी समस्याएं भी दूर होती हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है सक्षम

शहतूत रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन-सी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होता है, जिससे आप विभिन्न प्रकार के संक्रमण और बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। विटामिन-सी के अलावा इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं और बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाते हैं। इसलिए नियमित रूप से शहतूत का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।



## साइको सइयां का मेरे करियर में बड़ा योगदान : ध्वनि भानुशाली

सिंगर ध्वनि भानुशाली के सॉन्ग 'साइको सइयां' को रिलीज हुए छह साल पूरे हो चुके हैं। ध्वनि ने 'साहो' के गाने से जुड़ी अपनी यादें ताजी की और बताया कि यह उनके करियर में खास महत्व रखता है।

ध्वनि भानुशाली ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने खास तरीके से प्रैक्टिस की थी और तेलुगू, तमिल के साथ मलयालम में हर शब्द को सावधानी से उच्चारण करना सीखा।

ध्वनि ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'साइको सइयां' पर डांस करती नजर आईं।

यह गाना साल 2019 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'साहो' का है, जिसमें प्रभास, श्रद्धा कपूर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ, अरुण विजय और नील नितिन मुकेश जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुजीत ने किया था।

ध्वनि ने कैप्शन में लिखा, आज 'साइको सइयां' सॉन्ग के छह साल पूरे हो चुके हैं। मुझे आज भी याद है, जब यह सब शुरू हुआ था। मैंने 'वास्ते' गाना रिलीज किया था और गोवा में दोस्तों के साथ थी, तभी मुझे फोन आया कि 'साइको सइयां' को तीन और भाषाओं, तेलुगू, तमिल और मलयालम में गाना है।

उन्होंने बताया कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी नर्वस भी थीं, लेकिन उनकी टीम ने उनका हौसला बढ़ाया।

इस गाने के लिए ध्वनि ने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ काम किया और हर भाषा में शब्दों का सही उच्चारण सीखा। शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात प्रभास और श्रद्धा कपूर से हुई।

ध्वनि ने बताया, कई लोगों ने मुझसे कहा कि मेरी आवाज श्रद्धा के लिए एकदम सही थी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

ध्वनि ने इस गाने को करियर का पहला बड़ा कदम बताया, जिसने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और प्रशंसकों के करीब लाया। उन्होंने गायक सचेत टंडन के साथ मिलकर बनाए इस गाने को प्यार देने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने लिखा, जब मैं अपने शोज में या सोशल मीडिया पर फैंस को इस गाने पर गाते-नाचते देखती हूं, तो मुझे संगीत की ताकत का एहसास होता है।

# परफ्यूम लगाते समय न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक

परफ्यूम सिर्फ एक खुशबू नहीं, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व को भी दर्शाता है। सही तरीके से परफ्यूम लगाना बहुत जरूरी है ताकि आप दिनभर तरोताजा महसूस करें और आपकी खुशबू भी बरकरार रहे। हालांकि, कई लोग परफ्यूम लगाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उन्हें सही फायदा नहीं मिल पाता है। इस लेख में हम कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में जानेंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आप परफ्यूम का सही इस्तेमाल कर सकें।

परफ्यूम को सीधे धूप में रखना

कई लोग अपने परफ्यूम को सीधे धूप में रखते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। धूप और गर्मी से परफ्यूम के तत्व बिगड़ जाते हैं और उसकी खुशबू बदल जाती है। इसलिए इसे हमेशा ठंडी, सूखी और अंधेरी जगह पर रखें। इससे आपका परफ्यूम लंबे समय तक सही बना रहेगा और उसकी खुशबू भी बरकरार रहेगी, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगे।

कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना-कपड़ों पर परफ्यूम छिड़कना एक आम गलती है, जिसे कई लोग करते हैं। कपड़ों पर



परफ्यूम छिड़कने से वह जल्दी ही धूल-मिट्टी और अन्य तत्वों से गंदे हो जाते हैं और उनकी खुशबू भी खराब हो जाती है। इसके अलावा कपड़ों पर परफ्यूम के दाग भी पड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा परफ्यूम को सीधे अपनी त्वचा पर ही लगाएं ताकि उसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहे और आपको किसी तरह की परेशानी न हो।

ज्यादा परफ्यूम लगाना-ज्यादा परफ्यूम लगाना भी एक बड़ी गलती हो सकती है। कई लोग सोचते हैं कि ज्यादा परफ्यूम लगाने से उनकी खुशबू ज्यादा देर तक रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं होता। ज्यादा परफ्यूम लगाने से कभी-कभी सिरदर्द या एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा जरूरत भर ही परफ्यूम लगाएं ताकि आपको किसी तरह की परेशानी न हो और आपकी खुशबू भी बनी रहे। सही मात्रा में परफ्यूम लगाने से आप तरोताजा महसूस करेंगे।

छिड़काव करते समय दूरी का ध्यान न रखना

परफ्यूम छिड़कते समय दूरी का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। अगर आप बहुत करीब से परफ्यूम छिड़कते हैं तो यह आपकी त्वचा में समा जाता है और उसकी खुशबू जल्दी खत्म हो जाती है। इसलिए हमेशा थोड़ी दूरी बनाकर परफ्यूम छिड़के ताकि उसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहे। इसके लिए लगभग 6-8 इंच की दूरी बनाकर परफ्यूम छिड़कना सबसे अच्छा तरीका होता है। इससे आपकी त्वचा और कपड़े दोनों ही महकेंगे।

सही जगह पर परफ्यूम न लगाना

परफ्यूम लगाने की सही जगह भी जरूरी होती है। अक्सर लोग इसे कलाई या गर्दन जैसी जगहों पर तो लगाते हैं, लेकिन इसके अलावा भी कुछ खास जगहें होती हैं जहां परफ्यूम लगाने से उसकी खुशबू ज्यादा देर तक रहती है जैसे कि कानों के पीछे, पीठ के निचले हिस्से पर आदि। इन जगहों पर परफ्यूम लगाने से आपको पूरे दिन तरोताजा महसूस होगा और आपकी खुशबू भी बरकरार रहेगी।



## अवतार 3 का ट्रेलर? फिल्म का चौथा 21 दिसंबर 2029 को और पांचवां पार्ट 19 दिसंबर 2031 को आएगा ?

अवतार: फायर एंड ऐश का इंतजार कर रहे सिनेप्रेमियों के लिए गुडन्यूज है. अवतार: फायर एंड ऐश के ट्रेलर बहुत जल्द रिलीज होने जा रहा है.जेम्स कैमरून की फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश मौजूदा साल में रिलीज होगी और इससे पहले लोगों के लिए फिल्म के ट्रेलर को मास लेवल पर दिखाया जा रहा है. कई इवेंट में दिखाने जाने के बाद अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज होने के लिए तैयार है. हाल ही में अवतार: फायर एंड ऐश का ट्रेलर ऑनलाइन लीक हुआ था और बीती 25 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप्स के साथ फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश का ट्रेलर अटैच किया गया था. इसके बाद से अवतार: फायर एंड ऐश के ट्रेलर की क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश का ट्रेलर कब रिलीज होगा।



## हुमा कुरैशी की फिल्म बयान पहुंची टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी की थ्रिलर फिल्म बयान को आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के लिए चुना गया है।

हुमा कुरैशी ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में अपनी फिल्म के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि फिल्म बयान ने उन्हें एक सशक्त महिला किरदार निभाने का मौका दिया, जो न्याय व्यवस्था में बड़ी ताकतों के खिलाफ खड़ी होती है। हुमा ने ऐसी कहानी को पेश करने वाली समर्पित और निडर टीम के साथ काम करने की खुशी भी जताई। कई भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम कर चुकी हुमा ने कहा कि फिल्म का विश्व प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के डिस्कवरी सेक्शन में होगा—ये ऐसा सेक्शन है जिसने जो क्रिस्टोफर नोलन, अल्फोंसो क्वारोन और बैरी जेनकिंस जैसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं को दुनिया के सामने पेश किया। फिल्म एक रोमांच से भरी थ्रिलर है। फिल्म निर्देशक विकास रंजन मिश्रा ने कहा, यह एक परिवर्तनशील समाज का साक्षी बनने का मेरा प्रयास है - और उन लोगों के शांत साहस का भी जो अपनी बात कहने का विकल्प चुनते हैं। टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के डिस्कवरी सेक्शन में मेरी दूसरी फीचर फिल्म, बयान दिखाई जाएगी। ये मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक ऐसा मंच है जहां से कई फिल्ममेकर्स ने अपना सफर शुरू किया। निर्माता ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि इसमें एक ग्लोबल अपील है, और टीआईएफएफ इसके लिए एक आदर्श लॉन्चपैड है। एक निर्माता के रूप में, मैं हमेशा एक ऐसी पटकथा की तलाश में रहता हूं जो इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहतरीन हो।

## वॉर 2 के ट्रेलर में सेना की वर्दी पहने दिखीं कियारा आडवाणी, किरदार से उठा पर्दा



ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, वहीं जूनियर एनटीआर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। वॉर 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें ऋतिक और एनटीआर का धांसू अवतार दिख रहा है। उधर ट्रेलर के एक दृश्य में कियारा सेना की वर्दी पहने नजर आ रही हैं। इसी के साथ उनके किरदार से पर्दा उठ गया है। जहां एक ओर कियारा फिल्म में ऋतिक के साथ इश्क फरमाती नजर आएंगी, वहीं दूसरी तरफ उनके एक्शन करने का भी मौका मिला है। कियारा वॉर 2 में काव्या लूथरा की भूमिका निभा रही हैं, जो रॉ की संयुक्त सचिव और कर्नल सुनील लूथरा की बेटी हैं। फिल्म में सुनील लूथरा का किरदार आशुतोष राणा निभा रहे हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म वॉर 2 को 14 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यशराज फिल्म्स ने दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव देने के लिए डॉल्बी लैबोरेटरीज से हाथ मिलाया है। वॉर 2 दुनियाभर के कई देशों में डॉल्बी सिनेमा स्क्रीन पर रिलीज होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म होगी।

## शब्द सामर्थ्य -122

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | यां | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 124वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की। उन्होंने कहा- जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े। सभी भारत वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई, देशवासियो को गर्व है। पीएम ने आगे कहा- इससे साइंस-स्पेस को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जागी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 124 वें एपिसोड के अवसर पर पटना मंडल मे भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, महामंत्री सत्यम साहू, रितेश सिंह, राकेश गुप्ता,ज्योति देवांगन, प्रमिला सिंह, अमित सिंह, सुधीर वर्मा, राज कुमार पाण्डेय, रोशन राजवाड़े, अशोक,सुशील जायसवाल, रमेश पोया, सुमंत कांत तिवारी, अनिल व राजेश गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## वन भूमि पर अवैध कटाई व अतिक्रमण की ग्रामीणों ने की वन मंडलाधिकारी से शिकायत

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत भनौरा एवं उसके आश्रित ग्राम अधौरा से लगे वन भूमि पर अवैध रूप से कटाई एवं कब्जा करने की शिकायत स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं वन अधिकार समिती अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य ग्रामीणों ने वनमंडलाअधिकारी से कर अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यहां लंबे समय से वनों की अवैध कटाई एवं वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण हो रहा है परंतु लगातार शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे वन भूमि पर अतिक्रमण नहीं रुक रहा है। इस संबंध में वन अधिकार समिति भनौरा के सचिव संजीव गुप्ता ने बताया कि डीएफ्ओ निवास के पीछे से बैका नदी तक करीब 300 एकड़ जमीन में अवैध रूप से लगातार वनों की कटाई की जारी है वही वनों में अवैध रूप से कच्चा मकान भी निर्माण किया जा रहा है। कई बार हम लोगों के द्वारा वन विभाग को मौखिक एवं लिखित में सूचना दी गई परंतु कार्यवाही नहीं होने कारण वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण नहीं रुक पा रहा है। ग्राम पंचायत भनौरा के सचिव अरविंद मिंज ने कहा कि ग्राम पंचायत को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा मिला है उसके बाद भी वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कटाई हो रहा है जो काफी चिंता का विषय है। वनमंडलाअधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान अरविंद मिंज, मधु कोडाकू, महमुद अंसारी, संजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता, सीताराम, महादेव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कई बार ज्ञापन सौप चुके हैं ग्रामीण....... ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में बताया कि वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए कई बार हम लोगों के द्वारा ज्ञापन सौपा जा चुका है परंतु वन विभाग के द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है सिर्फ आश्वासन मिला है जिस कारण से वन भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला रूप नहीं रहा है अतिक्रमणकारियो के बदले बुलंद है। डीएफ्ओ आलोक कुमार वाजपेई ने कहा वन भूमि पर यदि अवैध अतिक्रमण हुआ होगा तो उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा इसकी जांच करवा लेता हूं।

## नए कनेक्शन के नाम पर रिश्वत मांगने वाला जेई किया गया निलंबित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर ज़िले में बिजली विभाग के एक जूनियर इंजीनियर शांतनु वर्धन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। यह पूरा घटनाक्रम मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया गया और वीडियो को कलेक्टर के जनदर्शन में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। घटना बलरामपुर ज़िले के ग्राम पंचायत भेंडरी की है, जहाँ छ्ब्श्च शांतनु वर्धन एक ग्रामीण के घर नया बिजली कनेक्शन देने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने कनेक्शन के बदले पैसे की मांग की और वहीं पर नकद रिश्वत ली। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि छ्ब्श्च पैसे गिन रहे हैं और साथ मौजूद विभागीय कर्मचारी के लिए भी कुछ देने की बात कह रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शांतनु वर्धन को निलंबित कर दिया है और उन्हें बीजापुर के कार्यपालन अभियंता कार्यालय में अटैच किया गया है। मामले की जांच विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। यह घटना भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता की सजगता और तकनीक के सही उपयोग का एक उदाहरण बन गई है।

## बिल्हा ने देशभर में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान-स्वच्छता में देशभर में प्रथम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नगर पंचायत बिल्हा ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 202425 में 20,000 से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए दिनांक 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा बिल्हा नगर पंचायत को सम्मानित किया गया था। आज इस गौरवशाली उपलब्धि की प्रतिध्वनि 'मन की बात' के राष्ट्रीय मंच तक पहुँची, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में बिल्हा नगर पंचायत की महिलाओं द्वारा किए गए नवाचार और श्रम का उल्लेख करते हुए सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिल्हा की महिलाओं को वेस्ट मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई और उन्होंने मिलकर शहर की तस्वीर बदल डाली। यह उल्लेख पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है, जिसने स्वच्छता को न केवल शासकीय योजना के रूप में, बल्कि सामुदायिक आंदोलन के रूप में अपनाया है। नगर पंचायत बिल्हा की आबादी लगभग 15,000 है, जहाँ 28 स्वच्छता दीदियाँ कार्यरत हैं। ये दीदियाँ नगर के 15 वार्डों में घर-घर जाकर ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं और फिर कचरे को स्क्रू सेंटर में ले जाकर गीला और सूखा कचरा पृथक करती हैं। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है और सूखे कचरे को बेचकर ये महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसके अतिरिक्त बिल्हा नगर में 10 विशेष स्वच्छता कमांडो भी नियुक्त किए गए हैं जो ट्रैक्टर और ऑटो टिपर के माध्यम से पूरे शहर में घूमकर कचरा सफाई और जन-जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। बिल्हा नगर पंचायत द्वारा जन-जागरूकता अभियान, मुनादी, और घरों-दुकानों से सीधे कचरा संग्रहण जैसे कदमों से आज नगरवासी कचरे को पृथक कर ई-रिक्शा में देने के लिए प्रेरित हो चुके हैं। मुक्तिधाम, तालाब, गार्डन, सामुदायिक भवन आदि में सामूहिक सफाई अभियान भी समय-समय पर चलाए जाते हैं। इस सफलता का श्रेय सभी सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, नगर पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों और सकारात्मक सोच वाले जनप्रतिनिधियों को जाता है, जो निरंतर निरीक्षण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में 20,000 से कम आबादी वाले 2000 से अधिक नगरीय निकाय हैं। भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्वतंत्र एजेंसियों के माध्यम से सफाई व्यवस्था का परीक्षण, जिसमें डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, रोड स्विपिंग, नाइट स्विपिंग, कचरा निपटान, शौचालयों और पार्कों की सफाई व्यवस्था सहित जनता से फीडबैक शामिल था।

# एमएसएमई उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन

### रैम्प योजना के तहत सहायता व विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास और वित्तीय समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रैम्प योजना के तहत इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन होटल राम सेतु, बैकुंठपुर में 25 जुलाई को किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने की। मीट के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मितवा बड़ा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। औद्योगिक नीति 2024-30, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजन, जीएसटी, कच्चामाल की उपलब्धता आदि विषयों पर क्रमशः सीए अरिहंत जैन, सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए स्वयम गोयन और सीए विष्णु साहू ने तकनीकी जानकारी साझा की। बैंकिंग क्षेत्र की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रमाकांत सोनी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक शशिभूषण पाटक ने



शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, दस्तावेजों की प्रक्रिया और ऋण से जुड़ी जानकारियाँ साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित एमएसएमई उद्यमियों ने बैंकिंग प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों पर सवाल रखे, जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों ने तत्परता से किया। कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य अजय गुप्ता, सभी प्रमुख बैंकर्स, नए उद्यमी, डीआरपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे 4000 नए बीएसएनएल टावर

**रायपुर।** केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने हेतु 4000 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। यह जानकारी ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने शनिवार को रायपुर में दी। डॉ. शेखर ने कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया,बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है, और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।

डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज़ और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं। राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को स्वामित्व वाले पिंक ऑटो प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है।उन्होंने कहा की, एसएचजीएस को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है, डॉ. शेखर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों कोमिशन मोड में लागू किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सेवाएं घर-घर तक पहुँचाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा किइन क्षेत्रों में विद्यालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे छात्रों को अब छ्ब्श्च्श्च, ह्श्चश्चञ्ज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है। इसके साथ ही, दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जो एक संवेदनशील और समावेशी पहल है। अपने संबोधन के अंत में डॉ. शेखर ने कहा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब समाज के अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुँच रही हैं। वंचित, आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों में भी अब तेज़ विकास और परिवर्तन देखा जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि डिजिटल, भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे को एकीकृत रूप से मजबूत कर 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारा जाए।

## सीजी व्यापम की परीक्षा से वंचित अभ्यर्थियों का गुस्सा फूटा

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापम) द्वारा आयोजित आबकारी निरीक्षक परीक्षा में हिस्सा नहीं ले पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने रविवार को खैरागढ़ में जमकर विरोध जताया। दर्जनों उम्मीदवार कलेक्टर निवास के सामने इकट्ठा होकर नारेबाजी करने लगे और न्याय की मांग की। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच तीखी बहस हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंच गए थे, लेकिन ड्रेस कोड का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया। जब उन्होंने कपड़े बदलकर लौटने की कोशिश की, तब तक परीक्षा केंद्र के गेट बंद हो चुके थे, और उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि उन्होंने दिशा-निर्देशों का पालन करने की पूरी कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने लापरवाही बरती।

## अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज आरंग थाना क्षेत्र के आकोली ओवरब्रिज के नीचे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दुर्गेश यादव (36) निवासी आकोली रोड, आरंग, जिला रायपुर के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके कब्जे से 60 पौवा (क्वार्टर) देशी शराब और शराब बिक्री से प्राप्त लगभग ? 8,000 नकद जब्त किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि आकोली ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

## पुलिस ने जुआरियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खरोरा थाना पुलिस ने ग्राम केवराडीह स्थित पानी टंकी के पास से छह जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 52 पत्ती ताश और 33,570 रुपये नकद जब्त किए गए हैं।



## सावन में शिव भक्ति से गूंज उठा परशुराम मंदिर ब्राह्मण संस्कार समिति ने किया रुद्राभिषेक

**कोरिया/बैकुंठपुर।** सावन माह के पावन अवसर पर भगवान शिव की आराधना में डूबे श्रद्धालुओं ने परशुराम मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक अनुष्ठान संपन्न किया। यह धार्मिक आयोजन ब्राह्मण संस्कार समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें समिति के सभी सदस्यों समेत अनेक गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं रुद्रसूक्त के पाठ के साथ हुई। भगवान शिव का रुद्राभिषेक पंचामृत (दूध, दही, शहद, घी एवं गंगाजल) से विधिवत रूप से किया गया। इस पावन अनुष्ठान के मुख्य जजमान रूपनारायण पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री पांडे रहीं, जिन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान शिव का अभिषेक किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, ओंकार पांडे, ज्योति प्रकाश दुबे,राधेश्याम मिश्रा, एस. के. मिश्रा, गजानंद तिवारी, गुरुप्रसाद दुबे, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अंजनी पाण्डे, दिनेश शर्मा, पंकज पांडेय, वरुण दुबे, रोहित दुबे, मनीष शुक्ला, सुनील शर्मा, संजू तिवारी, प्रशांत सिंह, प्रदीप तिवारी सपरिवार, अशोक पांडे एवं वाई. के. मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही, जिन्होंने भक्तिभाव से रुद्राभिषेक में भाग लिया तथा आरती एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की आराधना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में शिव महाआरती तथा प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी उपस्थितों ने भाग लिया। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक भक्ति भावना का जीवंत उदाहरण बना।

## वृद्धजन लाभान्वित, 53 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार और परामर्श



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कोरिया के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम मधौरा में ऑस्टियोआर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर की पहचान और उपचार के लिए वयोमित्र स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष आयुक्त रायपुर एवं कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर में वृद्धावस्था में प्रचलित अस्थि व अन्य विकारों की निःशुल्क जांच की गई, साथ ही इन रोगों से बचाव और निदान हेतु परामर्श एवं औषधि वितरित की गई। डॉ. सृष्टि गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए आहार-विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में कुल 53 मरीजों को लाभ पहुंचाया गया। इस आयोजन में डॉ.आर.के.शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अमित पुरोहित एवं सुभाष तिग्गा का सराहनीय योगदान रहा।

## गांजा बेचने वाले तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की बिक्री के खिलाफ ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नेवई थाना पुलिस ने दो आरोपियों सुजल सिंह और सोनू साहू उर्फशेखर, और एक विधि से संघर्षरत बालक को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस को 25 जुलाई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैकुंठधाम मंदिर नर्सरी, नेवई के पास कुछ लोग अवैध रूप से गांजा बेच रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने मौके पर छापा मारा और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। सुजल सिंह (20): 1.238 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 10,000), एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (सीजी 07 सीएन 7170.

## नकल कांड के बाद सख्ती, 577 ने परीक्षा से बनाई दूरी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा कोरिया जिले के 10 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई ठोस तैयारियों का असर परीक्षा केंद्रों में साफ नजर आया। कुल 3,166 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 577 अनुपस्थित रहे, वहीं 2,589 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में सभी केंद्रों में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया था। मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घण्टे पूर्व बंद कर दिया गया। प्रत्येक परीक्षार्थी की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी ली गई। हर केंद्र में एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी की तैनाती रही। शा. रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंजीकृत- 480, अनुपस्थित 83, शा. आदर्श रामानुज उ.मा. विद्यालय में पंजीकृत-540, अनुपस्थित 101, शा. आदर्श कन्या उ.मा. विद्यालय में पंजीकृत-480, अनुपस्थित 77, शा. नवीन कन्या महाविद्यालय में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 50, स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश स्कूल,



महलपारा में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 29, स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश स्कूल, बैकुंठपुर में पंजीकृत 240, अनुपस्थित 40, स्वामी आत्मानन्द हिंदी स्कूल खरवत में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 41, शा. उ.मा. विद्यालय, सलका में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 45, सेंट जोसेफ इंग्लिश स्कूल, रामपुर में पंजीकृत परीक्षार्थी 300, अनुपस्थित 70 तथा सरस्वती शिशु मंदिर, रामपुर में पंजीकृत 166, अनुपस्थित 41 रहे। परीक्षार्थियों ने व्यापमं की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। चरचा निवासी हेमा राजवाड़े ने बताया, व्यवस्था अच्छी थी, पेपर भी सरल था। एक परीक्षार्थी ने बताया कि फूल सलवार शूट को नियमानुसार हाफ करवा कर परीक्षा में शामिल हुई। कुसहा निवासी एक परीक्षार्थी ने कहा, फुल आस्तीन की शर्ट पहन आया था, पास से हाफ बनियान खरीद कर परीक्षा दी। पोड़ी-बचरा की गायत्री बंजारे ने बताया कि छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषण और राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित सवाल आए थे, वहीं तेजल शर्मा ने कहा, पेपर आसान था, अब रिजल्ट का इंतजार है। परीक्षा की निगरानी हेतु 10 ऑब्जर्वर, 5 रिज़र्व टीमें और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हुई। अब परीक्षार्थियों को परिणाम की प्रतीक्षा है, जो व्यापमं द्वारा निर्धारित तिथि पर घोषित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से बनाए 500 से अधिक सोख्ता गड्ढे

### वर्तमान व भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण अत्यंत जरूरी- कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए 'मोर गांव मोर पानी' महा अभियान और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आवा पानी झोंकी अभियान ने कोरिया जिले में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम देने शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन और लगातार की जा रही प्रेरक अपीलों से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने अब जलसंरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बना लिया है।

विगत 23 जुलाई को जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित 500 से अधिक हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से अपने-अपने घरों के समीप सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्य 'आवा पानी झोंकी' अभियान के अंतर्गत किया गया, जो जिलेभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा है। पूर्व में जिले में 660 से अधिक सोख्ता गड्ढों के निर्माण कर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया जा चुका है। इन सभी संरचनाओं को जियो टैगिंग कर जेएसजेबी 2.0 मॉड्यूल में ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इस मुहिम को और गति देते हुए जिले में 24 जुलाई से 30 जुलाई तक जल संरक्षण सप्ताह भी मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में पक्के आवास प्राप्त करने वाले 8 हजार से अधिक हितग्राहियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। प्रत्येक हितग्राही ने अपने आवास के पास तीन-तीन पौधे



रोपकर कुल 24 हजार पौधों का रोपण किया। ये पौधे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत लगाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हितग्राहियों ने स्वयं ली है। 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के तहत सोनहत विकासखंड के ग्रामीण किसानों ने प्रशासन की अपील पर अपने खेतों में '5 प्रतिशत मॉडल' लागू किया है। इसके तहत किसानों ने अपने खेतों में निश्चित आकार के सीढ़ीनुमा गड्ढे तैयार किए हैं ताकि वर्षा जल का संग्रहण और भूजल पुनर्भरण हो सके। इससे क्षेत्र का जलस्तर बढ़ने में मदद मिलेगी। जिले में अब तक एक हजार से अधिक किसानों ने यह मॉडल अपनाया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि प्रकृति ने कोरिया को अकूत सम्पदा दी है, इसे बचाने, संवारने की जिम्मेवारी हम सबकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप हमने आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण व भूमिगत जल के लिए ऐसे उपाय एक वरदान होगा। वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित कर हम वर्तमान व भावी पीढ़ी को जल संकट से बचा सकते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सभी विभागों के सहयोग से जलसंरक्षण हेतु लगातार संरचनाएं बनाई जा रही हैं। सभी नव निर्मित जल संरचनाओं को जेएसजेबी 2.0 में दर्ज किया जा रहा है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के सहयोग से कोरिया जिले में जल संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा रहा है।यह जिला अब राज्य में जलसंरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्रोत बनकर उभर रहा है, जहां जनभागीदारी से हरियाली और भूमिगत जल का भविष्य सुनिश्चित किया जा रहा है।

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



## तीसरे सावन सोमवार को महादेव का अभिषेक

**कोरबा।** पवित्र श्रावण मास में महादेव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा की आकांक्षा के साथ भक्तगण पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान कर रहे है। तीसरे सोमवार को आज कोरबा नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। यहां पर भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक भी किया गया







# ट्रांसपोर्टिंग रेट कम, खदान में काम बंद किया वाहन मालिकों ने





## मानिकपुर परियोजना में प्रदर्शन, कोयला कंपनी पर बनाया दबाव

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर परियोजना में सोमवार को ट्रांसपोर्टिंग और अन्य कामकाज ठप रहा। वाहन मालिक संघ ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू की। वह ट्रांसपोर्टिंग रेट बढ़ाना चाहता है क्योंकि वर्तमान रेट में उसके सामने चुनौतियां हैं। हड़ताल के कारण खदान में ट्रांसपोर्ट और अन्य संबंधित कामकाज प्रभावित हो गए।

कोरबा जिले में ओपन कास्ट माइंस मानिकपुर के अंतर्गत वाहन मालिक संगठन के द्वारा हड़ताल का आव्हान किया गया था। उसने पहले ही साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को प्रदर्शन को लेकर अल्टीमेटम दिया था और आवश्यक विचार करने को कहा था। प्रबंधन ने इस मामले को शीर्ष प्रबंधन के स्तर का बताया और गेंद दूसरे पाले में डाल दी। कोयला कंपनी पर दबाव बनाने की नीति से वाहन मालिकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की और मानिकपुर कोलियरी के गेट पर प्रदर्शन किया। स्वाभाविक रूप से जब हड़ताल की घोषणा वाहन मालिक संगठन की ओर से की जा रही है तो फिर चालकों का हड़ताल में शामिल होना लाजमी है। मानिकपुर ओपन कास्ट माइंस मैं अकोला डिस्पैच के साथ-साथ ओवर बर्डन के ट्रांसपोर्ट के लिए अनुबंध की गई है, इन सभी के पहिए थमे रहे। संगठन की मांग है कि एसईसीएल प्रबंधन को कोयला और ओवर बर्डन धुलाई के लिए जो भाड़ा दिया जा रहा है, उसे पुनरक्षित किया जाना चाहिए। संगठन ने इस विषय पर तर्क दिया है कि ईंधन के अलावा गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स और दूसरे खर्च बढ़ रहे हैं। श्रम कानून की सख्ती के चलते कई रास्ते बंद हो गए हैं। ऐसे में आर्थिक संपन्नता पर प्रभाव पड़ा है। संगठन में ऐसे ही मसलों को लेकर प्रदर्शन किया। माना जा रहा है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पर अपनी मांगों को स्वीकृत करने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तहत इस रास्ते को चुना गया है। संगठन की ओर से कहा गया कि प्रदर्शन के साथ प्रबंधन के अधिकारियों को ज्ञापन के जरिए मांग की जानकारी दी जाएगी। घोषणा की गई है कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, ट्रांसपोर्टेशन बंद रहेगा।

## बरेठ प्रदेश महामंत्री बने

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन दर्री में आयोजित किया गया। इस दौरान पिछले वर्ष के किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। संजय तिवारी को बिजली कर्मचारी महासंघ का अध्यक्ष बनाया गया है जबकि कोरबा के नवरतन बरेठ को प्रदेश महामंत्री व पूर्णिमा साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रममंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। इसके अलावा भामसं के राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, अशोक मोदी, अरूण देवांगन, दिनेश पांडे, शब्बीर मेमन, चंद्रशेखर दुबे, अजय मिश्रा, भीम चौहान, देवेंद्र द्विवेदी, शरद नायर, संदीप राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपाई गए कनकीधाम

**कोरबा।** आज नगर पालिक निगम की महापौर संजूदेवी राजपूत के नेतृत्व में अनेकों भाजपाई कनकीधाम के लिए रवाना हो गए। उनके साथ कोसाबाड़ी नगर मंडल के राजेश राठौर, पुनीराम साहू, श्रीधर द्विवेदी सहित अनेकों कार्यकर्ता थे। बरपाली मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू भी कनकीधाम गए। ब्रजेश यादव के द्वारा कनकीधाम में भंडारा का आयोजन किया गया है।

## कांग्रेस की बैठक करतला में होगी

**कोरबा।** ब्लॉकों में लगातार कांग्रेस की बैठक हो रही है। मंडल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा हो रही है। लाला अशोक सिंह को करतला का प्रभारी बनाया गया है। इस बैठक में श्रवण राठिया, शैलेंद्र राय भी मौजूद रहेंगे। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि पिछले दिनों बांकीमोंगरा ब्लॉक में भी बैठक हुई थी। यहां पर तीन मंडल बनाए जा रहे हैं। इन तीन मंडलों के लिए संतोषी चौहान, जयप्रकाश साहू, यशपाल कंवर के नाम सामने आए हैं।

## नशेड़ियों ने फिर किया हुल्लड़

**कोरबा।** तीसरी सावन सोमवार की रात्रि कोरबा जिले के कनकेश्वर धाम के रास्ते पर नशेड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। उनकी हरकतों के कारण आम श्रद्धालु परेशान रहे। बताया गया कि नशेड़ियों ने बिना साइलेंसर वाली गाड़ियों के जरिए हुल्लड़बाजी की। इससे पहले भी इस रास्ते पर ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

### वन विभाग में जारी है अनियमितताओं का खेल

## बिल व्हाउचर किसी का और राशि हस्तांतरण किसी और को

**कोरबा।** फर्जी भुगतान तथा भ्रष्टाचार के मामले में हमेशा सुर्खियों में रहने वाला कटघोरा वनमंडल भुगतान संबंधी अनियमितता को लेकर एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बिल व्हाउचर किसी और का लगाया तथा राशि हस्तांतरण दूसरे नाम पर कर उसका बंदरबांट कर लिया है। इसकी शिकायत डीएफओ समेत अन्य अधिकारियों से करते हुए जांच की मांग की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वनों में लगने वाले आग से वनों की सुरक्षा एवं बचाव हेतु अस्थाई रूप से 15 फरवरी से 15 जून तक प्रत्येक परिसर में फायर वाचर की नियुक्ति किया जाता है। इसका पारिश्रमिक राशि निर्धारित कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाता है। वर्तमान में 10380 रुपए की राशि का मानदेय निर्धारित है। ये फायर वाचर प्राय: संबंधित परिसर के आसपास के ग्रामीण होते हैं जिनको पूरे जंगल के भौगोलिक स्थिति की जानकारी एवं कार्य का अनुभव होता है। प्रत्येक फायर वाचर संबंधित परिसर के जंगल में सतत् रूप से वनों का भ्रमण कर लगे हाथों अपने जान को जोखिम में डालकर नियंत्रण एवं बुझाते हैं। शासन स्तर पर वनों में आग की रोकथाम हेतु ब्लोवर मशीन भी दिया जाता है। कटघोरा वनमंडल में इस वर्ष भी फायर वाचर की नियुक्ति प्रत्येक परिसर में की गई। जिसका भुगतान भी वन मंडलाधिकारी कटघोरा द्वारा समय पर करा दिया गया किंतु पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत तनेरा परिसर में होश उड़ा देने वाला मामला सामने आया। ग्राम पंचायत तनेरा निवासी कृष्ण कुमार प्रजापति वल्द सुमार साय को इस वर्ष 2025 में फायर वाचर तनेरा के रूप में रखा गया। जिनसे दिन रात आग बुझाने एवं वनोपज जांच नाका में भी कार्य कराया गया, किंतु जब भुगतान की बारी आई तो परिसर प्रभारी वनपाल यादव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने चाहने वाले के खाते में डलवाकर राशि का आहरण शासकीय पैसों का गबन कर लिया गया है। मजे के बात यह है कि फायर वाचर का बिल व्हाउचर कृष्ण कुमार के नाम से ही बनाया गया किंतु वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा परिसर रक्षक से मिलकर दूसरे खाते में राशि हस्तांतरण कर बंदरबांट कर लिया गया है। इसकी शिकायत डीएफओ एवं वन विभाग के अन्य अधिकारियों से करते हुए जांच कराए जाने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## संसाधन की कमी, तहसीलदार हड़ताल पर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर आज से हड़ताल पर चला गया। उसने मांगों पर उपेक्षा दिखाने का आरोप सरकार पर लगाया है। इसमें संसाधनों की कमी के अलावा कई नीतिगत विषय को शामिल किया गया है।

इस हड़ताल में तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल हैं। संगठन की मांग है कि तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नित प्रक्रिया में सीधी भर्ती और अनुपात को 50-50 फीसदी का रखा जाए। उन्होंने नायब तहसीलदार को राजपत्रित श्रेणी देने, ग्रेड वेतनमान में सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन के मामलों में बिना रोक के बहाली और 15 दिन में जांच प्रक्रिया पूरी करने को भी कहा है। संगठन के प्रांताध्यक्ष के.के.लहरे ने बताया कि यह हड़ताल प्रदेश के सभी जिलों में की जा रही है। हमने 17 मांगों को लेकर पहले ही सरकार का ध्यान आकर्षित कराया था। बताया गया था कि अदालती प्रकरणों में आदेशों का पालन और जन शिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए। न्यायालयीन आदेश पर बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति से एफआईआर न करने, न्यायालय में उपस्थिति के लिए व्यवस्था और प्रोटोकॉल ड्यूटी में पृथक व्यवस्था करने पर जोर दिया गया है। संगठन का कहना है कि आउट सोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति में तहसीलदार को अधिकृत किया जाए। एग्रीस्टेक, स्वामित्व योजना, ई-कोर्ट और भू अभिलेख जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर नियुक्त होने चाहिए। तहसीलदारों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए भू अभिलेख अधीक्षक और सहायक अधीक्षक को फिर से संबंधित कार्यों के लिए बहाल करने, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, टीआई की भांति पदेन शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस प्रदान करने की मांग भी की गई है। संगठन ने सरकार से हर तहसील में सुरक्षा कर्मी देने, सड़क दुर्घटना में तहसीलदारों के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि 25 हजार की मांग आने पर स्वीकृति के अधिकार देने, प्रदेश के सभी सदस्यों को पत्राचार में मान्यता देने और लंबित प्रकरणों में विशेषज्ञ कमेटी का गठन करने की मांग भी की गई है। अध्यक्ष ने बताया कि सभी जिलों में हमारा यह प्रदर्शन शुरू हुआ है। सरकार से कहा गया है कि वह लंबित मांगों के बारे में गंभीरता से विचार करें।

## निकाली कांवर यात्रा

**कोरबा।** तुलसी नगर हनुमान मंदिर से तीसरे सावन सोमवार के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने कांवर यात्रा निकाली। हनुमान सेवा समिति ने यह आयोजन किया। काफी संख्या में क्षेत्र के लोग इसमें शालि हुए। उन्होंने कनकी में भगवान का जलाभिषेक किया।

## तराईमार में हाथियों ने फसल को किया चौपट

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा एवं कटघोरा में हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है। दोनों ही वनमंडल के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं तथा अलग-अलग झुंडों में सक्रिय हैं। कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के कोल्गा क्षेत्र में मौजूद 11 हाथियों के दल ने बीती रात तराईमार गांव पहुंचकर भारी उत्पात मचाया और खेतों में लगे धान की फसल को रौंदकर मटियामेट कर दिया। हाथियों के उत्पात से 8 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। जिन्हें हाथियों के आने तथा उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिए जाने की जानकारी आज सुबह तब लगी जब वे फसल देखने खेतों में पहुंचे तो उसे रौंदा हुआ पाया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

# क्यों रोकी मूलभूत की राशि जनपद कार्यालय घेरा सरपंचों ने

**कोरबा।** पंचायत क्षेत्र की आबादी के अनुपात में आकस्मिक प्रकृति के कार्यों के लिए भारत सरकार का नीति आयोग ग्राम पंचायत को मूलभूत मत के अंतर्गत राशि उपलब्ध कराता है। कोरबा जिला के पौड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत का घेराव सोमवार को क्षेत्र के सरपंचों ने इसी मुद्दे पर किया कि उन्हें मूलभूत मध की राशि नहीं मिल रही है। इस वजह से काम का प्रभावित हो रहे हैं ।



इस प्रदर्शन में ग्रामीण जन प्रतिनिधि खास तौर पर शामिल हुए जिनके मामले में मूलभूत मद को लेकर समस्या बनी हुई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इस प्रदर्शन का समर्थन किया। उसके द्वारा जिलाधीश के साप्ताहिक जनदर्शन में एक सप्ताह पहले अल्टीमेटम दिया था और 3 दिन में समस्या का समाधान करने की मांग की गई थी। किसी प्रकार की कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई थी। नतीजा नहीं आने पर इस सप्ताह के प्रथम कार्य दिवस पर सरपंचों और प्नचों ने जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव किया। कोरबा जिले में सर्वाधिक ग्राम पंचायत पूरी उपरोड़ा विकासखंड में ही है इसलिए इस प्रदर्शन के प्रभावी होने की संभावना को देखते हुए आज जनपद पंचायत कार्यालय के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस में लगाया गया। बांगो, कटघोरा, पसान, जटगा, कोरबी का पुलिस स्टॉफ कानून व्यवस्था और सुरक्षा की स्थिति के मद्देनजर यहां पर लगाया गया। बताया गया कि काफी संख्या में एकत्रित हुए पंच सरपंचों के साथ-साथ गोगपा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने मुद्दे को लेकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर मांग दोहराई गई की ग्राम पंचायत को मूलभूत मद की राशि उपलब्ध कराने के साथ अन्य सभी बुनियादी मुद्दों का समाधान करने की कार्यवाही की जाए। पंचायत राज अधिनियम का हवाला देते हुए प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा की हमारे अधिकारों का संरक्षण करने के साथ किस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

# सावनी रंग मिले प्रकृति को, बाजार में रौनक



**कोरबा।** सावन का महीना आस्था और भक्ति को बढ़ावा देने के साथ प्रकृति को आकर्षक बनाने का जरिया बना हुआ है। हर तरफ हरियाली की स्थिति ने वातावरण को खुशनुमा कर दिया है। सावन को समर्पित गतिविधियों के कारण बाजार भी गम है और हर तरफ रौनक दिखाई दे रही है। इससे व्यवसाय वर्ग खुश नजर आ रहा है।

ऐसा लग रहा है मानो पेड़ पौधे से लेकर फूल और पत्तियां सावन का स्वागत करने को आतुर है। नजरे बिल्कुल इसी अंदाज में है। कोरबा अर्बन और ग्रामीण क्षेत्र में तस्वीर कुछ इसी प्रकार की हैं। ऐसा लग रहा है मानो सब कुछ सावनमय हो गया है।

नगर क्षेत्र में महिलाओं के अलग-अलग संगठन हर दिन सावन उत्सव का आयोजन करने में व्यस्त हैं इस प्रकार के कार्यक्रम या तो किसी हाल में हो रहे हैं या तो नगर निगम या नगरी निकाय के सामुदायिक भवन में या फिर होटल में। मामला सावन उत्सव का है तो ऐसे में ब्यूटी पार्लर्स संचालकों की व्यवस्था बढ़ गई है। उनकी आमदनी में एक प्रकार से बुम आ गया है। सावन के साथ ही अगले महीने तीजा और कई त्यौहार है। इसके लिए साड़ी और अन्य कपड़ों के साथ-साथ कॉस्मेटिक आइटम की बिक्री में तेजी आने की बात कारोबारियों ने कही है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में कोरबा के बाजार में रौनक में और भी बढ़ोतरी होगी।

## गिट्टी बनी बाधक

**कोरबा।** सुभाष ब्लॉक मुख्य मार्ग पर बने गड्ढों को पाटने के बजाय गिट्टी डाल दी गई। गाड़ियों के चलने से यह आसपास में बिखर रही है। इस वजह से अनहोनी का खतरा बना हुअ है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com